52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 05.8°c | अधिकतम 21.5 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:06 सूर्यास्त-5:22 | वर्ष : 52/ अंक : 347 | सोमवार, 16 दिसम्बर 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

जिम्मेदारियां आपको वो बनाती है, जो आप कभी बनना नहीं चाहते।

कांग्रेस ईवीएम का रोना बंद करे और चुनाव नतीजों को स्वीकार करे : उमर अब्दुल्ला

फिर हार का ठींकरा किस के सिर पर फूटेगा ? राहुल तो ज्ञान की बातें करने लगे हैं.....

लद्दावाला में मिला 54 साल पुराना शिव मंदिर

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। सुनकर यकीन तो नहीं होगा मगर प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती। न बुल्डोजर से खुदाई करनी पड़ेगी और न ही किसी जांच की आवश्यकता है। खुद जाकर देख सकते हैं कि मुजफ्फरनगर के मुस्लिम आबादी के क्षेत्र के बीच स्थित यह शिव मंदिर। जी हां हम अपने मुजफ्फरनगर के ही लद्दावाला क्षेत्र की बात कर रहे हैं, जहां 54 साल पुराना शिव मंदिर आज भी मौजूद हैं।

वर्ष 1970 में जब यहां हिंदू बाहुल्य क्षेत्र था, तब यह शिव मंदिर बनाया गया था। बड़ी बात यह है कि मुस्लिम आबादी हो जाने के बाद भी यह मंदिर आज भी सुरक्षित है। यह बात अलग है कि उस मंदिर की सेवा करने के लिए हिंदुओं के पास अब कोई पुजारी ही नहीं है। ऐसे में इस मंदिर का आगे चलकर क्या होगा, यह कह पाना मुश्किल है। मंदिर की चोटी पर साफ लिखा शिव मंदिर कोई भी जाकर आसानी से देख सकता है। मुस्लिम आबादी के बीच होने के बावजूद भी मंदिर की चोटी पूरी तरह से सुरक्षित है। मगर मंदिर पर कोई पेंट आदि नहीं हुआ है, पूरी तरह जर्जर अवस्था में स्थित मंदिर के अंदर से मूर्तियां कब गायब हो गई, यह किसी को नहीं पता।

बताया जाता है कि उक्त मंदिर में जब लम्बे समय तक भगवान शिव की पूजा नहीं की जा सकी तो खटीक परिवार उक्त मंदिर में से मूर्तियां अपने साथ ले गये। दरअसल खटीक, पाल और दलित समाज के लोग यहां रहा करते थे, मगर धीरे-धीरे ये सभी लोग यहां से पलायन करते चले गये और मुस्लिम समुदाय के लोग यहां बड़ी आबादी में रहने लगे। मगर बड़ी बात यह है कि इतने वर्षों बाद भी मंदिर पूरी तरह से सुरक्षित है। वह बात अलग है कि हिंदू समुदाय के लोगों ने खुद ही इसकी देखभाल करना छोड़ दिया, ऐसे में अब इस मंदिर की देखभाल करने के लिए कौन पुजारी अथवा कौन से हिंदू संगठन इसकी जिम्मेदारी लेंगे, यह बड़ा सवाल है।

मगर फिलहाल मुस्लिम समुदाय के बीच भी यह मंदिर सुरक्षित रहना अपने आप में एक बड़ी मिसाल है। अब प्रशासन इस मंदिर की देखभाल किस तरह से कराता है, यह उसकी अपनी जिम्मेदारी है, मगर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र लद्दावाला के बीच उक्त मंदिर का उद्धार किसी न किसी तरह से अवश्य होना चाहिए।

लम्बे समय तक एक मुस्लिम परिवार ने मंदिर की सेवा की

मुजफ्फरनगर। वर्ष 1970 से मौजूद इस मंदिर में 1989 तक पूजा पाठ की जाती थी। मगर वर्ष 1992 में हुए दंगों के बाद से यहां की तस्वीर पूरी तरह से बदल गई थी। हिंदू मुस्लिम दंगों के बाद हिंदू परिवार यहां से मकान बेचकर अलग सुरक्षित स्थानों पर चले गये। मगर मंदिर की किसी ने परवाह तक नहीं की। ऐसे में एक मुस्लिम परिवार द्वारा ही लम्बे समय तक जितना हो सका, उतनी उस मंदिर की देखभाल की गई और इस मुस्लिम परिवार को पंडित मुस्लिम परिवार के नाम से भी पुकारा जाने लगा था। कुछ समय बाद यह मुस्लिम परिवार भी मौहल्ला छोड़कर चला गया, तब से उक्त मंदिर लावारिस हालात में पड़ा हुआ है।

कौन उठाएगा मंदिर को उसके अस्तित्व में लाने का बीड़ा

मुजफ्फरनगर। वर्ष 1992 के बाद से खुद हिंदुओं द्वारा ही इस मंदिर को नजर अंदाज कर दिया गया और आज तक इस मंदिर पर कोई चर्चा तक भी नहीं की गई। यूं तो हिंदू अपने मंदिरों को बचाने के लिए तरह तरह के प्रयास करते दिखाई पड़ते हैं, मगर उक्त मंदिर की दुर्दशा देखकर साफ जाहिर होता है कि हम अपने धर्म के प्रति कितने लापरवाह हैं। जिस प्रतिमा की हम लम्बे समय तक पूजा करते हैं, उस मंदिर का आज नामलेवा भी कोई नहीं है और न ही इस मंदिर की चर्चा किसी हिंदू संगठन के बीच होती दिखाई पड़ती है। ऐसा नहीं है कि हिंदू संगठनों के लोगों को इस मंदिर के बारे में जानकारी न हो, मगर यह सोचकर सभी ने इस मंदिर को नजर अंदाज किया हुआ है कि आखिर इस मंदिर की लगातार देखभाल का बीड़ा आखिर कौन उठायेगा। यह मंदिर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में होने के बावजूद भी पूरी तरह सुरक्षित है तो हिंदू संगठनों को इसका बीड़ा उठाने में आखिर तकलीफ क्या है। ऐसे कई तरह के सवाल हमारे ही धर्म पर उठते दिखाई पड़ रहे हैं। अब देखना यह होगा कि इस मंदिर के उद्धार के लिए कौन सा हिंदू संगठन आगे आता है।

बिजली निगमों की हड़ताल की दशा में सिंचाई विभाग के अभियंताओं ने सहयोग से किया इन्कार

लखनऊ, 15 दिसंबर (एजेंसी)। यूपी में पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के विरोध में हड़ताल हुई तो बिजली आपूर्ति व्यवस्था बेपटरी हो जाएगी। क्योंकि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अभियंताओं की व्यवस्था में कई रोड़े हैं। पहले सिंचाई विभाग के अभियंताओं ने सहयोग से इन्कार कर दिया है। अब पालीटेक्निक संस्थानों ने भी इंजीनियरिंग के छात्रों की सूची देते हुए परीक्षा का हवाला दिया है। इन छात्रों की परीक्षा 20 दिसंबर से 13 जनवरी के बीच होनी है।

चरथावल नगर पंचायत चेयरमैन इस्लामुद्दीन गिरफ्तार, जमानत पर रिहा, हिन्दू संगठनों की महापंचायत स्थगित

चरथावल, 15 दिसम्बर (बु.)। दो हफ्ते से फरार चल रहे नगर पंचायत चेयरमैन इस्लामुद्दीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। वहीं, अदालत ने उनकी जमानत स्वीकार करते हुए रिहा करने के आदेश दिए हैं। कस्बे में हिंदू संगठनों ने 17 तारीख मंगलवार को होने वाली महापंचायत निरस्त कर दी है। दो दिसंबर की घटना से क्षेत्र में माहौल गरमाया हुआ था। दूधली प्रधान शोभित पुंडीर एवं उनके तीन साथियों पर दूसरे वर्ग की भीड़ ने जानलेवा हमला कर दिया था। वारदात में प्रधान सहित चार लोग घायल हुए थे। ग्रामीण राजीव राणा ने चरथावल चेयरमैन इस्लामुद्दीन पर हमला करने वाली भीड़ का नेतृत्व करने का आरोप लगाया था। घटना में चार आरोपियों की नामजदगी के सैकड़ों अज्ञात हमलावरों पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस इससे पूर्व तीन आरोपियों समेत पांच हमलावरों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। चेयरमैन समेत वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में हिंदू संगठनों ने 17 दिसंबर को महापंचायत करने का एलान कर रखा था। पुलिस पर गिरफ्तारी का दबाव था। रविवार को पुलिस ने दधेडू के निकट आरोपी चेयरमैन को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। सीओ सदर राजू कुमार साव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया। सैकड़ों हमलावरों को अज्ञात में दर्ज कराया था। स्वस्थ विभाग की नामित सदस्य सुभाष चौहान ने बताया कि 17 दिसंबर की महापंचायत स्थगित कर दी है। गांव में धन्यवाद सभा होगी। दूसरी ओर शाम को जिला मुख्यालय पर रिमांड मजिस्ट्रेट ने चेयरमैन की जमानत मंजूर कर ली।

राकेश टिकैत बोले - 5 तारीख से बहका रही है सरकार, 23 दिसम्बर तक किसानों को नहीं छोड़ा तो होगा बड़ा आन्दोलन

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। रविवार को किसानों की राजधानी सिसौली में पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें गौतमबुद्धनगर से 12 संगठनों के पदाधिकारियों सहित भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत व राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत शामिल रहे। राकेश टिकैत ने कहा कि 5 तारीख से प्रशासनिक अधिकारी किसानों को बहकाने का काम कर रहे हैं और झूठ पर झूठ बोल रहे हैं, कभी कहते हैं 25 किसान छोड़ दिये हैं, कभी कहते हैं कि 40 छोड़ दिये गए हैं। देश को एक बड़े आन्दोलन की जरूरत है। किसान आन्दोलन को दबाने का काम किया जा रहा है। यह पूरी साजिश प्रशासन रच रहा है। प्रशासन के पास अब 23 दिसम्बर तक का समय है। 140 लोग जेल में अभी भी बंद हैं और उन्हें डराने, धमकान व पीटने का काम किया जा रहा है। टिकैत ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासनिक अधिकारी थाने पर डराने, धमकाने या पीटने का काम करेंगे तो हमें भी हर थाने पर पहुंचना आता है। हर जिले में थाने हैं। 23 तारीख तक प्रशासनिक अधिकारियों ने अपना रवैया न बदला तो गौतमबुद्ध नगर जाकर ही बड़ी मीटिंग की जाएगी। दिल्ली की हमारे पास अभी कोई कॉल नहीं आई है। दिल्ली की कॉल संयुक्त मोर्चा की होगी। कब होगी, क्या होगा वह दिल्ली के मुद्दे पर बात होगी। गौतमबुद्धनगर का मुद्दा जमीनी मुद्दा है। वहां भूमि अधिग्रहण के 10 प्रतिशत मुआवजे का मुद्दा है। उन्होंने बताया कि उनकी जो मासिक पंचायत 17 तारीख को होती थी, अब वह 23 दिसम्बर को होनी तय हुई है। उस दिन चौ. चरण सिंह जी का भी जन्मदिन है, इसी पंचायत के दौरान चौ. चरण सिंह जी का जन्मदिन भी मनाया जाएगा। 23 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे तक निर्णय ले लिया जाएगा कि अगला पड़ाव किसानों का क्या

होगा?। बैठक में मुख्य रूप से महात्मा टिकैत से अनिल तालान,भाकियू सम्पूर्ण से पवन तेवतिया, भाकियू अखण्ड भारत से महेश कसाना, भारतीय किसान मंच से सुधीर चौहान, भाकियू अजगर से अंकित नागर, किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा विकास, भाकियू कृषक शक्ति से पवन ठाकुर, भाकियू जय जवान जय किसान से देवेंद्र सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा से निशांत रावल, अंशुमन ठाकुर मौजूद रहे। बैठक का संचालन राजीव मलिक ने किया। इस दौरान ओमपाल सिंह मलिक, प्रदेशाध्यक्ष पवन खटाना, अशोक कुमार, नवीन राठी, कलिंद्र मलिक, योगेश शर्मा, चौ. इंद्रपाल सिंह, शक्ति सिंह, मोहित त्यागी, बॉबी त्यागी, राजू पीनना, साहिल खां आदि उपस्थित रहे।

पूरे देश में सरकार की किसानों की जमीन कब्जाने की कोशिश

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। नरेश टिकैत ने किसानों को संगठित करते हुए कहा कि अगर संगठनों के दिमाग में यह बात हो कि अकेले-अकेले यह लड़ाई लड़ी जा सकती है तो लड़ाई तो इकट्ठा होकर ही लड़नी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि नोएडा प्रकरण कोई मामूली प्रकरण नहीं है। सरकार ने वायदा करने के बाद 10 प्रतिशत हिस्सा फ्री फंड में ले लिया है। उन्होंने दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग की चर्चा करते हुए कहा कि लगातार किसानों का तरह तरह से शोषण हो रहा है। 30 लाख रुपये बीघा की जमीन को जबरदस्ती किसानों

से 10 लाख रुपये बीघा खरीदा गया है। उसमें भी बंजर जमीन, चकरोड़ का कोई पैसा नहीं दिया गया। बंजर, चकरोड़ ग्राम समाज में आने वाली भूमि है, इनका पैसा सरकार ने देना तय किया था, मगर इसमें भी हेर-फेर कर लिया गया। उन्होंने भाजू कट के विवाद की भी चर्चा की। नरेश टिकैत ने कहा कि किसान जब तक संगठित होकर इस सरकार का जमकर विरोध नहीं करेगा, तब तक यह सरकार इसी तरह की धींगामुश्ती करती रहेगी। ऐसे में संगठित होने की जरूरत है।

मशहूर तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन की हालत गंभीर

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसी)। मशहूर तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन की हालत गंभीर बनी है। उन्हें हृदय संबंधी समस्याओं के बाद सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उस्ताद जाकिर हुसैन के एक करीबी सूत्र ने बताया, 73 वर्षीय अमेरिकी संगीतकार को रक्तचाप की समस्या थी। उन्होंने कहा, 'उन्हें पिछले एक सप्ताह से हृदय संबंधी समस्या के कारण सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। देर रात उनके निधन की खबर भी मीडिया में उड़ी, लेकिन बाद में बताया गया कि उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उस्ताद जाकिर हुसैन का जन्म 1951 में महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में हुआ था। उस्ताद जाकिर हुसैन को दुनिया के महान तबला वादकों में से एक माना जाता है। भारत सरकार ने उन्हें पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया था।

शाहपुर में बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों के उतरने की सूचना पर भड़के यशवीर महाराज, बोले-सुबह दस बजे ही पहुंच जाऊंगा

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। यशवीर महाराज को सूचना मिली कि शनिवार की रात लगभग बारह बजे शाहपुर क्षेत्र के कमालपुर मदरसे में दो दर्जन से अधिक रोहिंग्या व बांग्लादेशी मुस्लिम ठहराये गये हैं, जिसकी सूचना तत्काल उन्होंने पुलिस को दी और चेतावनी दी कि रात भर में इनका पता लगा लो, नहीं तो सुबह दस बजे मैं खुद इन मदरसों में पहुंच जाऊंगा। यशवीर की चेतावनी के बाद शाहपुर क्षेत्र में हड़कम्प मच गया और पुलिस विभिन्न स्थानों पर इन्हें ढूंढने के लिए निकल पड़ी।

पुलिस के अनुसार पहले वे कमालपुर के मदरसे में पहुंचे और उसके बाद कमालपुर की मस्जिद में गये, लेकिन यहां पर पुलिस को मिला तो कुछ नहीं, मगर यह पुष्ट सूचना मिली कि कमालपुर का रहने वाला आस मौहम्मद देर रात एक डीसीएम में भरकर मुसलमानों को लाया था, ये मुसलमान कहां गायब हो गये समाचार लिखे जाने तक यह तो पता नहीं चल पाया। मगर क्षेत्र के लोगों ने बताया कि भट्टे

पर काम करने के लिए कुछ मजदूर मुसलमानों को हर साल यहां पर लाया जाता है। मगर यशवीर महाराज का कहना है कि ये सब कोरा ूठ है, वो आस मौहम्मद कैसे भी मुसलमान क्यों न लाया हो, पहले प्रशासन को उनकी जानकारी देनी होगी और यदि ये मुसलमान रोहिंग्या या बांग्लादेशी निकले तो किसी भी सूरत में इन्हें जिले में शरण नहीं दी जायेगी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस के अनुसार आस मौहम्मद पुलिस के हाथ नहीं लगा था। एकाएक आस मौहम्मद व उसके द्वारा लाये गये मुस्लिमों के गायब हो जाने से यही शक हो रहा है कि कहीं न कहीं पूरे मामले में ोल तो है ही, अब देखना यही होगा कि सुबह तक पुलिस इस तस्वीर कोसाफ कर पाती है अथवा नहीं, नहीं तो अपने वादे के अनुसार यशवीर महाराज सोमवार सुबह कमालपुर, शिकारपुर और आदमपुर के मदरसों में खुद जायेंगे और पूरे मामले की तहकीकात करेंगे।

मसूरी और नैनीताल से भी ठंडा मुजफ्फरनगर

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। लगातार बढ़ रही ठंड की जकड़न के बीच आज नगर में शीत प्रकोप के बीच तापमान मसूरी और नैनीताल से भी कम दर्ज किया गया। नगर में आज धूप के तेवर भी कुछ ठंडे दिखे। तापमान अधिकतम 21.5 और न्यूनतम 5.8 डिग्री दर्ज किया गया। दूसरी ओर नैनीताल में अधिकतम पारा 21.3, न्यूनतम 6.3 डिग्री और मसूरी का अधिकतम 20.3 और न्यूनतम 7.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार अभी मौसम के तेवरों में कोई बड़ा बदलाव आने की उम्मीद कम है। पाला भी परेशान करेगा।

दिसंबर के आधा रास्ता पार करते आज नगर में कंपाने वाली सर्दी का जोर जारी रहा। बीती रात सीजन की सबसे ठंडी रात के रूप में दर्ज की गई और तापमान 5.8 डिग्री तक नीचे आ गया। यह मसूरी और नैनीताल में दर्ज तापमान से भी कम है। आज सुबह से मौसम तो खुला रहा, लेकिन सूरज के तेवर आज बहुत तीखे नहीं थे। इसके चलते दिन में पुरवा हवाओं के ोंकों के साथ कंपाता मौसम लोगों की परेशानी का कारण बना। सूरज ढलते ही तो ठंड कुड़कुड़ाती रही। ठंड बढ़ने पर लोग गर्म व ऊनी कपड़ों को पहनकर व ओढ़कर या अलाव और हीटर जलाकरअपना बचाव कर रहे हैं। रात में पाला पड़ने और दिन में शीत लहर चलने से मौसम में ठिठुरन बनी रही। सुबह-शाम में ठंड लोगों की कंपकंपी छुड़ा रही है। पश्चिम विक्षोभ की वापसी के बाद पहाड़ों की बर्फीली चोटियों से आ ही ठंडी हवाएं जन जीवन को तमाम परेशानियां दे रही है। बढ़ी ठंड को जहां गेहूं की बुवाई के लिए काफी मुफीद माना जा रहा है, वहीं सब्जियों और फूल की फसलों के लिए पाला मारक बना हुआ है। मौसम विभाग की मानें तो अभी ठंड से राहत तो दूर इसके तेवर और तीखे होंगे।

ठंड के प्रकोप के साथ झपट रही बीमारियां

लगातार बढ़ रही ठंड के बीच लोग तमाम शीत जन्य बीमारियों का प्रकोप भी झेल रहे हैं। सर्दी जुकाम और वायरल से लेकर जोड़ों के दर्द तथा श्वांस संबंधी परेशानियां बढ़ गई हैं। चिकित्सकों का कहना है कि जब भी मौसम बदलता है तो सांस व अस्थमा के मरीजों परेशानी होती है। इस समय सांस और अस्थमा के मरीज आ रहे हैं। जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. योगेंद्र तिरखा ने बताया कि मरीजों को खास सावधानी बरतने की जरूरत होती है। सबसे महत्वपूर्ण यहीं है कि मरीजों को ठंड से बचाव करना चाहिए। चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में बदलाव के कारण के नजला, खांसी और वायरल के मरीज सबसे ज्यादा है। इसके अलावा सांस व अस्थमा के मरीज भी आ रहे हैं। **इस तरह करें बचाव :** ▸ ठंड से बचाव के लिए ऊनी व गर्म कपड़े पहने। ▸ सुबह व शाम को घर के अंदर ही रहे। ▸ ठंड के मौसम में घर से बाहर न टहले। ▸ घर के अंदर ही नियमित रूप से हल्का व्यायाम करें। ▸ अस्थमा व सांस के मरीज नियमित रूप से दवा लेते रहें। ▸ कोई भी समस्या होने पर चिकित्सक की सलाह लें।

मायावती ने एक देश एक चुनाव पर भाजपा को दिया समर्थन

लखनऊ, 15 दिसंबर (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा है कि बसपा संसद में पेश किए जाने वाले एक देश एक चुनाव विधेयक का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि एक चुनाव होने से विकास कार्य नहीं रुकेगे और जनहित के कार्यो को भी चुनाव के चक्कर में नहीं रोकना पड़ेगा। साथ ही राजनीतिक दलों पर चुनाव के खर्च का बोझ कम पड़ेगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि ह्यएक देश एक चुनाव के मुद्दे पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचना होगा। रविवार को बसपा मुख्यालय लखनऊ में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर जब कानून मंत्री थे तो उन्होंने देखा कि कांग्रेस संविधान के हिसाब से काम नहीं कर रही है तो उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को अपना इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर को संसद में बोलने नहीं दिया था तो उन्होंने मीडिया के सामने अपनी बात रखी थी।

॥ राम ॥ ॥ राम ॥ ॥ राम ॥ ॥ राम ॥ ॥ राम ॥ ॥ राम ॥ ॥ राम ॥ ॥ राम ॥ ॥ राम ॥

ॐ शान्ति **शोक सन्देश** ॐ शान्ति

प्रियजन, अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय

श्री विनीत बंसल पुत्र श्री परमेश्वर दयाल बंसल का स्वर्गवास,

दिनांक 05 दिसम्बर 2024 दिन- बृहस्पतिवार को हो गया है।

प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। जिनकी

रस्म पगड़ी, आज दिनांक 16 दिसम्बर 2024, दिन -सोमवार

को होनी निश्चित हुई है।

हवन — प्रातः 9 बजे (निज निवास)

रस्म पगड़ी — दोपहर 2 बजे

स्थान : साशी फार्म हाऊस, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल परिवार :-

परमेश्वर दयाल बंसल (पिता)
राजेश्वर दयाल बंसल (चाचा)
विवान-गौरी (पुत्र व पुत्री)
विवेक बंसल -प्रीति बंसल (भाई-भाभी)
शिल्पी गोयल- मोहित गोयल (बहन-बहनोई)
अजय बंसल- अर्चना बंसल (भाई-भाभी)
नितिन बंसल-निधि बंसल (भाई-भाभी)
अमन बंसल- कोमल बंसल (भतीजा-भतीजवधू)
अक्षय बंसल-तनु बंसल (भतीजा-भतीजवधू)
आदित्य बंसल (भतीजा)
एवं समस्त बंसल परिवार

प्रतिष्ठान :-
पवन एलाइज एण्ड कास्टिंग प्रा0लि0, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)
द्वारिका सिटी, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)
एम.जी. कोल्ड स्टोरेज, कूकड़ा रोड, मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)

॥ राम ॥ ॥ राम ॥ ॥ राम ॥ ॥ राम ॥ ॥ राम ॥ ॥ राम ॥ ॥ राम ॥ ॥ राम ॥ ॥ राम ॥

46 वर्ष पहले संभल में नरसंहार करने वालों को क्या सजा दी : योगी

न्यायमूर्ति शेखर यादव और धनखड़ के पक्ष में आये योगी

लखनऊ, 15 दिसंबर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर हिंदुत्व यानि बहुसंख्यक समाज के मुद्दे पर कांग्रेस समेत विपक्ष को आईना दिखाया। उन्होंने हिंदू एकता, न्यायमूर्ति शेखर यादव और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष के रवैये पर तीखा हमला किया। सीएम ने खुले मंच से न्यायमूर्ति के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि बहुसंख्यक समाज को मजबूत करने की बात करने वालों को अब धमकी दी जा रही है। भारत की विरासत के संवर्धन की बात विपक्ष को इतनी खलती है कि वह महाभियोग ले आते हैं। सीएम ने जनता से सच को दबाने वाले, संविधान का गला घोंटने वाले ऐसे दलों के लोगों की मानसिकता को उजागर करने की अपील की। संसद में संभल का उठाने पर कांग्रेस को घेरते हुए सीएम ने कहा कि इनके ही शासनकाल में 46 वर्ष पहले संभल में जिस मंदिर को बंद कर दिया गया, वह मंदिर फिर से सबके सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि 46 वर्ष पहले जिन दरिंदों ने संभल के अंदर नरसंहार किया था, उन्हें आज तक सजा क्यों नहीं मिली। संभल में जिनकी निर्मम हत्या हुई, उन निर्दोषों का क्या कसूर था। जो भी सच बोलेगा, उसे धमकी दी जाएगी, मुंह बंद कराने का प्रयास करते हैं। सीएम ने शनिवार को मुंबई और रविवार को लखनऊ के एक कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति और न्यायमूर्ति के मुद्दे पर खुले मंच से अपनी बात रखी है। सीएम ने कांग्रेस पर दोहरा चरित्र होने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग भारत का ठेका लेकर घूमते हैं और डिस्कवरी ऑफ इंडिया को भारत का सबसे प्राचीन ग्रंथ मानते हैं। वे संविधान के नाम पर पाखंड कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि को लेकर फैसला देने वाले जजों को आज तक धमकी मिल रही है। ऐसे ही विपक्ष राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उनकी आवाज को दबाना चाहते हैं। विपक्ष को यह बात खल रही है कि किसान का पुत्र इस पद पर कैसे पहुंच गया। एक न्यायमूर्ति अगर एक नागरिक के रूप में सच्चाई को रखते हैं तो महाभियोग लाकर उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जाता है। सीएम ने कहा कि देश में हर हाल में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होना चाहिए। दुनिया में बहुसंख्यक समाज जो कहता है, व्यवस्था वैसे संचालित होती है। भारत की मंशा है कि अल्पसंख्यक व बहुसंख्यक का भेद समाप्त हो और सब लोगों पर समान कानून लागू होना चाहिए लेकिन विपक्ष को यह बात अच्छी नहीं लग रही है। ये लोग संविधान का गला घोंटकर जबरन अपने दम पर देश की व्यवस्था चलाना चाहते हैं। दबंगई से सच को दबाने की कोशिश करने वालों को एक्सपोज किए जाने की जरूरत है।

पुष्पा 2 ने तोड़ा एक और रिकॉर्ड

मुंबई। पुष्पा 2 ने 10वें दिन साल 2022 में रिलीज हुई एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर (782.2 करोड़ रुपये) का रिकॉर्ड ब्रेक किया। अब फिल्म ने आज इंडिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर मौजूद केजीएफ चैप्टर 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। यश स्टारर केजीएफ 2 ने साल 2022 में 859.7 करोड़ रुपये कमाए थे, जिसे अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 पीछे छोड़ चुकी है। बता दें कि सबसे ज्यादा कमाई करने वाली इंडियन फिल्मों की इस लिस्ट में नंबर 1 पर 2027 में आई प्रभास की फिल्म बाहुबली शामिल है, जिसने 1030.42 करोड़ रुपये की इंडियन बॉक्स ऑफिस पर कमाई की थी। फिल्म 897.65 करोड़ कमाकर अभी इससे करीब 200 करोड़ की दूरी पर है। हालांकि, फिल्म की कमाई की स्पीड देखकर लग रहा है कि फिल्म बहुत जल्द इस रिकॉर्ड को भी पार कर जाएगी।

वकीलों और कार्यकर्ताओं ने की सियासी दलों को कानून के दायर में लाने की मांग

पॉश एक्ट के तहत राजनीतिक दलों को लाये जाने की रिट हो चुकी है खारिज

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसी)। कानून विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि राजनीतिक दलों को पॉश एक्ट (महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न से जुड़ा कानून) के दायरे में लाया जाए। उनका कहना है कि यह कानून लैंगिक समानता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बहुत जरूरी है। उनकी ओर से यह बयान तब सामने आया है, जब सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका खारिज कर दी, जिसमें राजनीतिक दलों को पॉश एक्ट के तहत महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि याचिकाकर्ताओं को चुनाव आयोग से संपर्क करना चाहिए, जिससे यह कानून राजनीतिक दलों पर लागू किया जा सके। हेल्पिंग हैंड्स नाम के गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) की निदेशक और वकील सोनाल मट्टू ने कहा, राजनीतिक दलों को कानून के तकनीकी पहलू के बजाय उसके भावनात्मक और उद्देश्यपूर्ण दृष्टिकोण पर फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा, समस्या यह है कि वे कानून की सख्त परिभाषा को देख रहे हैं, न कि उसके मकसद को। अग हम कानून के मकसद को समझें तो हर राजनीतिक दल के पास एक अनुशासन समिति होती है, जो दल के सदस्यों के आचरण को देखती है। मट्टू ने यह भी कहा कि राजनीतिक दल इस तरह की समितियां बना सकते हैं जो महिलाओ के साथ गलत व्यवहार को रोकने के लिए काम करें। हालांकि, एक प्रमुख वकील शिल्पी जैन ने राजनीतिक दलों की आंतरिक समीतियों की स्वतंत्रता को लेकर चिंता जताई।

उन्होंने कहा, अगर आंतरिक समिति किसी राजनीतिक दल द्वारा वित्त पोषित है, तो उसमें प्रभावी कार्रवाई करने की क्षमता नहीं होगी। ऐसी समितियों को स्वतंत्र होने की जरूरत है, जो दुर्भाग्यवश हमारे राजनीतिक माहौल में मुश्किल है। जैन ने यह भी कहा कि इस तरह के मामलों में न्यायालय को ही फैसला लेना चाहिए, क्योंकि आंतरिक समितियों में पक्षपाती रवैया हो सकता है। वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता और 'अनहद' एनजीओ की संस्थापक शबनम हाशमी ने इसे एक प्रगतिशील कदम बताते हुए कहा, राजनेताओं को उदाहरण पेश करने की जरूरत है। अगर वे लैंगिक समानता की अनदेखी करेंगे, तो समाज में गलत संदेश जाएगा। अगर राजनीतिक दल इस तरह के ढांचों को लागू करेंगे, तो यह धीरे-धीरे महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है, जैसा कि हमने पंचायतों में 33 फीसदी महिला आरक्षण के लागू होने के बाद देखा। 'पीपल अंगेस्ट रेप इन इंडिया' की संस्थापक योगिता भयाना ने राजनीतिक दलों को इस कानून के दायरे से बाहर रखने पर विडंबना जताई। उन्होंने कहा, अगर किसी संस्थान में पॉश एक्ट लागू करना है, तो राजनीतिक दलों को क्यों बाहर रखा गया है? संसद ने खुद यह कानून बनाया है, लेकिन इसे लागू नहीं कर पा रहे हैं। यह उनकी अनिच्छा को दिखाता है। वे अपने भीतर ही उत्पीड़न के मुद्दे को संबोधित करने से डरते हैं।

वाहन के खाई में गिरने से सेना के दो जवान हुए घायल

श्रीनगर,15 दिसंबर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में रविवार को बर्फ से ढके गुरेज रोड पर वाहन के सड़क से फिसलकर खाई में गिरने से सेना के दो जवान घायल हो गए। यातायात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना बर्फ से ढके जाद्दिकुशी-गुरेज रोड पर हुई। वाहन सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया जिससे सेना के दो जवान घायल हो गए। उन्होंने बताया कि जवानों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सेना और नागरिक अधिकारियों ने बर्फ और ठंड के बीच बचाव अभियान तत्काल शुरू कर दिया ताकि घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा सके।

'आप' ने दिल्ली चुनाव के लिए 38 उम्मीदवारों की सूची जारी की

नई दिल्ली,15 दिसंबर (वार्ता)। आम आदमी पार्टी(आप) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 38 उम्मीदवारों की रविवार को चौथी और अंतिम सूची जारी की जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविद केजरीवाल को नयी दिल्ली और मुख्यमंत्री आतिशी को कालकाजी सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। 'आप' के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने आज दिल्ली विधानसभा के लिए चौथी और अंतिम सूची जारी की जिसमें 38 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। श्री पाठक ने कहा,''श्री केजरीवाल को नयी दिल्ली, सुश्री आतिशी को कालकाजी और पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन को शकुर बस्ती विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है।

बरेली में अपहृत लेखपाल का 18 दिन बाद मिला शव

बरेली, 15 दिसंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के बरेली में लेखपाल मनीष कशयप की अपहरण बाद हत्या कर दी गई। रविवार को 18 दिन बाद उनका सड़ा-गला शव बरेली कैंट इलाका बभिया गांव पास नाले के किनारे से बरामद हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि पुलिस ने एक कथित आरोपी की निशानदेही पर लेखपाल का शव बरामद किया। हत्या मामले में अन्य संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है, और पुलिस जल्द ही आरोपियों के खिलाफ विस्तृत कार्रवाई करेगी। मनीष कशयप फरीदपुर तहसील में लेखपाल थे। 27 नवंबर को ड्यूटी पर गए थे लेकिन घर वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। लेखपाल की मां मोरकली ने खल्लपुर गांव की एक जनप्रतिनिधि और उसके सहयोगियों पर अपहरण का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिवार ने जिलाधिकारी में भी शिकायत की। बाद में एडीजी जोन रमित शर्मा के आदेश पर फरीदपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। एडीजी ने एसपी क्राइम मुकेश कुमार के नेतृत्व में एसओजी समेत पुलिस टीम को लेखपाल को बरामद करने के लिए लगाया था।

बंगलादेश में हिंदू घरों, मंदिर पर हमला करने वाले चार गिरफ्तार

ढाका, 14 दिसंबर (वार्ता)। बंगलादेश के सुनामगंज में हिदुओं के घरों और व्यवसायों पर तीन दिसंबर को हुए हमले और एक मंदिर में तोड़फोड़ के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने सुनामगंज के दोवाराबाजार उपजिला में हिदू समुदाय पर हमला करने के लिए चार लोगों को गिरफ्तार किया। शनिवार को मुख्य सलाहकार की प्रेस विग द्वारा साझा किए गए पुलिस मुख्यालय के एक बयान के अनुसार, गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान अलीम हुसैन (19), सुल्तान अहमद राजू (20), इमरान हुसैन (31) और शाहजहाँ हुसैन (20) के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि तीन दिसंबर को, दोवाराबाजार पुलिस स्टेशन के अंतर्गत मोंगलारगांव गांव के 20 वर्षीय आकाश दास नामक एक युवक ने कथित रूप से फेसबुक पर इस्लाम की आलोचना करते हुए एक अपमानजनक पोस्ट किया था। हालांकि पोस्ट हटा लिया गया लेकिन इसका स्क्रीनशॉट प्रसारित हो गया, जिससे स्थानीय लोगों में तनाव फैल गया।

25 लाख के पांच इनामी नक्सलियों का आत्मसमर्पण

सुकमा, 15 दिसंबर (वार्ता)। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में रविवार को सुकमा पुलिस को बड़ी सफलता मिली जब 25 लाख के पांच इनामी हार्डकोर नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) के सामने समर्पण कर दिया। सुकमा जिले के क्षेत्रान्तर्गत नक्सल संगठन में सक्रिय एक नक्सल दम्पति सहित कुल पांच हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित एक महिला, एक पुरूष नक्सली पर आठ-आठ लाख, एक पुरूष नक्सली पर पांच लाख एवं दो महिला नक्सलियों पर दो-दो लाख रुपये यानी कुल 25 लाख रुपये के ईनाम घोषित है। छत्तीसगढ़ शासन की 'छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति' एवं 'नियद नेल्ला नार' योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव के कारण इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। छत्तीसगढ़ शासन की 'छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति' एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे 'नियद नेल्ला नार' योजना से भी प्रभावित होकर नक्सली संगठन में सक्रिय इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया गया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 16 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1631: इटली के विसुवियस पर्वत का ज्वालामुखी फटने से छह गांव तबाह हो गए, जिससे चार हजार से अधिक लोग मारे गये। 1733: अमेरिका में ब्रिटिशर्स के विरुद्ध संग्राम शुरू हुआ, जिसे बोस्टन टी-पार्टी कहा जाता है। 1920: चीन के कान्सू प्रांत में भीषण भूकंप आने से एक लाख से ज्यादा लोगों की मौत। 1945: दो बार जापान के प्रधानमंत्री रहे फूमिमारो कनोए ने युद्ध अपराधों का सामना करने की जगह आत्महत्या कर ली। 1951: हैदराबाद में सालारजंग संग्रहालय की स्थापना की गयी। 1960: अमेरिका के न्यूयार्क शहर में दो विमानों के टकराने से 136 लोगों की मौत। 1971: भारत और पाकिस्तान की सेना के बीच युद्धविराम पर सहमति के बाद पाकिस्तान से पृथक होकर बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र बना। 1985: कलपक्कम में देश के पहले फास्ट ब्रीडर परमाणु रिएक्टर ने काम करना शुरू किया। 2009: फिल्म निर्माण को एक नये मुकाम पर ले जाते हुए जेम्स कैमरन ने विज्ञान पर आधारित फिल्म ह्यअवतारह्न का निर्माण किया। दुनियाभर में इस फिल्म ने 2.7 अरब डॉलर की कमाई की। 2012: दिल्ली में एक चलती बस में 23 वर्षीय छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार और इस घटना से गुस्साए लोग सड़कों पर उतर आए। बाद में पीड़िता ने दम तोड़ दिया और दोषियों को फांसी की सजा हुई 2014: तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान के आतंकियों ने पेशावर स्कूल पर हमला किया। 150 लोगों की मौत, जिनमें 134 बच्चे थे।

आपका आज का राशिफल

सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024

मेष- व्यापार में विस्तार, आशानुकूल घटना घटित, प्रियजनों से विचार-विनिमय, कर्ज की अदायगी, भौतिक सुख के निमित्त व्यय, आनन्द की अनुभूति।

वृषभ- समस्याओं का समाधान, परिवार में हर्षोल्लास की स्थिति, सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, जनसम्पर्क का सुयोग, पठन-पाठन में रुचि, विवाद का समापन।

मिथुन- मनोवांछित सफलता, सुखशांति का माहौल, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु प्रयास जारी, मानसिक चिंता में कुछ कमी।

कर्क- ग्रहस्थिति भाग्य के विपरीत, धन-सम्पत्ति विषयक मसला उलझनें की ओर, मान-सम्मान में कमी का एहसास, व्यक्ति-विशेष से विश्वासघात।

सिंह- नवीन योजनादृष्टिगत, आकस्मिक लाभ, आमोद-प्रमोद के साधन उपलब्ध, वैमनस्यता का समापन, रचनात्मक क्रिया-कलापों में रुचि।

कन्या- अधूरे कार्यों की पूर्ति, आपसी सौहार्द, आत्मविश्वास से कुछेक मसला हल होने की ओर, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, पारिवारिक वातावरण सुखद।

तुला- व्यापार में धन निवेश, स्वविवेक से कार्यों में उन्नति, आपसी मतभेद समाप्त, सामाजिक कृत्यों से प्रतिष्ठा में वृद्धि, शुभ समाचार मिलने से खुशी, धनागम।

वृश्चिक- परिवार में अशांति, विरोधी सक्रिय, कर्ज की अधिकता, आपसी संबंधों में कटुता, राजकीय पक्ष से असहयोग, विवाद की आशंका, लाभ का मार्ग अवरुद्ध।

धनु- व्यक्तित्व का विकास, आर्थिक-व्यावसायिक पक्ष में अनुकूलता, कठिनाइयों में कमी, नौकरी में प्रोन्नति विषयक मसला हल, अधिकारियों से सहयोग।

मकर- दिनमान भाग्य के पक्ष में, विपरीत कार्यों में उन्नति, प्रयास सार्थक, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता, मनो-विनोद के अवसर सुलभ।

कुम्भ- सफलता की दिशा में प्रयास जारी, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, शिक्षा में सफलता, धन संचय में प्रवृत्ति, राजनैतिक क्रिया-कलापों में रुचि।

मीन- उन्नति में व्यवधान, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नुकसानदायक, चाहने के बाद भी योजना अधूरी, भाग्य में न्यूनता, धर्म में अरुचि, आपसी वैमनस्यता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

श्री राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी की प्राचार्या डॉ. आकांक्षा निर्वाल को मिला आउटस्टैंडिंग अवार्ड

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। फार्मा की प्रतिष्ठित संस्था फार्मास्यूटिकल एजूकेशन सोसाइटी (पेसोट) के द्वारा आर वी इंस्टीट्यूट बिजनौर में एक इंटरनेशनल कांफ्रेंस फार्मटिक 2024 का आयोजन किया गया, जिसकी थीम फार्मास्यूटिकल में डिजिटल परिवर्तन एक नया युग रही। इस कार्यक्रम में देश व विदेश के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने मंच साझा किया। मुख्य अतिथि डॉ. विभु साहनी, चेयरमैन ऑफ फाइनेंस कमेटी फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया तथा विशिष्ट अतिथियों में रंजीत सिंह, वाइस चांसलर, शोभित यूनिवर्सिटी मेरठ एवं सतीश शर्मा प्रो. वाइस चांसलर ग्लोबल यूनिवर्सिटी सहारनपुर, भावना श्रीवास्तव रिसर्चर आयुर्वेदिक साइंस दिल्ली आयुष मंत्रालय उपस्थित रहे। श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज फार्मेसी की प्राचार्या डॉ. आकांक्षा निर्वाल को सम्मानित किया गया। डॉ. आकांक्षा निर्वाल के समाज के प्रति किये गये कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि उनके द्वारा समाज में कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं, जो न केवल फार्मेसी के क्षेत्र में बल्कि व्यापक सामाजिक भलाई के लिए भी महत्वपूर्ण रहे हैं। उन्होंने अपने सामूहिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाई और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याओं और समाधान के बारे में समाज को उनके द्वारा दिए गए। इंटरनेशनल कांफ्रेंस में अलग - अलग कॉलेज से आये लगभग एक हजार से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिनमें डॉ. जीतू गांगुली, फोर्ट्रिया, अमेरिका, डॉ. वी. कालसेवेन प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी भारतीय फार्माकोपिया आयोग एवं प्रो. डॉ. हर्ष दुरेज डीन, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक हरियाणा आदि ने व्याखान दिया। कार्यक्रम का संचालन रंजीत सिंह की अध्यक्षता में किया गया। संस्था के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ द्वारा डॉ. आकांक्षा निर्वाल की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्रीराम कॉलेज आफ फार्मेसी के प्राध्यापक रोहित मलिक, सागर, आंचल, सौरभ, शालू चौहान, तरनुम्म फातिमा, आर्यन शर्मा, अमित राठोर आदि ने बधाई दी।

एआई इंजीनियर अतुल सुभाष की पत्नी निकिता हांगकांग बाजार के पास मिली

गुरुग्राम, 15 दिसंबर (एजेंसी)। एआई इंजीनियर अतुल सुभाष आत्महत्या के मामले में उसकी आरोपी पत्नी निकिता सिंघानिया गुरुग्राम के ही सेक्टर-57 स्थित एक पीजी में रह रही थी। बेंगलुरु पुलिस ने आरोपी निकिता को हांगकांग बाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड लेने के बाद कर्नाटक पुलिस आरोपियों को अपने साथ ले गई। कर्नाटक पुलिस के मुताबिक निकिता सिंघानिया को पुलिस ने शनिवार की सुबह सेक्टर 57 के हांगकांग बाजार के निकट से काबू किया। वह यहां सेक्टर-57 के रेल विहार स्थित ब्लॉसम स्टेज, जेजे होम फर्निशिंग्स पीजी में रुकी हुई थी। पता चला है निकिता यहां एक निजी कंपनी में काम करती थी। डीसीपी शिवकुमार के मुताबिक आरोपियों से पूछताछ में अब मामले से जुड़ी कई परतें खुल सकती हैं। अतुल सुभाष ने वीडियो रिकॉर्ड किया था। इसमें अतुल ने अपनी पत्नी पर ही नहीं, बल्कि फैमिली कोर्ट की जज पर भी गंभीर आरोप लगाए थे।

जय विलास महल में उप राष्ट्रपति धनखड़ का दौरा

ग्वालियर, 15 दिसंबर (एजेंसी)। ग्वालियर के ऐतिहासिक जय विलास महल में रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी धर्मपत्नी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनकी धर्मपत्नी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया के साथ दौरा किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने महल के इतिहास, कला और सांस्कृतिक धरोहर को गहराई से समझा। दौरे के बाद, उन्होंने महल की विजिटर बुक में भारतीय सभ्यता की समृद्धि को लेकर एक संदेश लिखा। महल दौरे से पहले उपराष्ट्रपति और उनकी धर्मपत्नी ने सिंधिया परिवार के साथ दोपहर का भोजन किया। इस सादगीपूर्ण भोज में नेपाली और मराठी व्यंजनों का विशेष स्वाद परोसा गया। व्यंजनों में नेपाली आलू, बड़ौदा पुलाव, सोल कड़ी, कुरकुरी भिंडी, लौकी कोफ्ता कड़ी और श्रीखंड शामिल थे। भोजन के दौरान गर्मजोशी से स्वागत करते हुए केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने अपने महल के इतिहास और संस्कृति पर चर्चा की। भोजन के बाद अतिथियों ने दरबार हॉल और महल के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया। सिंधिया परिवार द्वारा 1874 में निर्मित यह महल भारतीय और यूरोपीय वास्तुकला का अद्भुत संगम है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने महल के निर्माण, ऐतिहासिक महत्व और कला संग्रह के बारे में उपराष्ट्रपति को विस्तार से बताया। महल की सांस्कृतिक धरोहर से प्रभावित होकर उपराष्ट्रपति ने विजिटर बुक में अंग्रेजी में एक भावपूर्ण संदेश लिखा। उन्होंने लिखा कि हमारी सभ्यता के खजाने का प्रबुद्ध प्रदर्शन देखा। प्रत्येक कलाकृति हमारी संस्कृति के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। यह विरासत सोने की खान है, जो ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को प्रेरित करती है और दिशात्मक दृष्टिकोण को दशार्ती है, जिसका हम अनुकरण करने की उम्मीद करते हैं। मैं महल से अधिक जानकारी के साथ जा रहा हूं और जानकारी प्राप्त करने का आग्रह करता हूं।

हनीट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करने वाला गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड गैंग पकड़ा

पांच आरोपी गिरफ्तार, ग्रेजुएट है मास्टरमाइंड लालू

नोएडा, 15 दिसंबर (एजेंसी)। हनी ट्रैप में फंसा कर ब्लैकमेल कर वसूली करने वाले गर्लफ्रेंड-बॉय फ्रेंड गैंग में शामिल दो युवतियों समेत पांच आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। गैंग पिछले तीन महीने से सक्रिय था। अब तक 24 से ज्यादा लोगों को फंसाकर लोगों से 25-30 लाख रुपये की वसूली कर चुका है। फोन पर मीठी बातें कर व्हॉट्सएप पर सुंदर तस्वीरें भेजने के बाद मुलाकात का बुलावा देकर आरोपी लाखों रुपये की मांग करते थे। रुपये नहीं देने पर रेप, छेड़छाड़ जैसे केस में फंसाने की धमकी देकर पैसे ऐंठते थे। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया, पकड़े गए आरोपियों की पहचान झारखंड निवासी लालू यादव, अंजली, अंकित, ललित और सोनिया के रूप में की गई है। 23 नवंबर को गैंग ने युवक को निशाना बनाया था। युवक ने इंटरनेट पर डेटिंग के वेबसाइट व ऐप पर महिला मित्र की तलाश में अपना नंबर डाला था। इसके बाद युवक के पास इस गैंग में शामिल लड़कियों की तरफ से फोन किया गया। फिर मिलने के लिए बुलाकर झूठे केस में फंसाने का डर दिखाकर 2.40 लाख रुपये की वसूली की गई थी। आरोपी पीड़ित से 1 लाख रुपये और मांग रहे थे। पैसा नहीं होने पर परेशान होकर युवक ने पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने जांच शुरू की और जिस अकाउंट में उगाही की रकम ली गई थी उसके जरिए आरोपियों तक पहुंची। इस पूरे रैकेट में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में पुलिस पता लगा रही है। पुलिस के मुताबिक अब तक की पूछताछ में सामने आया है कि गैंग का मास्टर माइंड लालू यादव है। इतिहास से बीए करने के बाद लालू ने जल्द अमीर बनने के लिए यह रास्ता अपनाया था। मास्टर माइंड और उसके साथ सहमति संबध में रह रही प्रेमिका इस गैंग को चला रहे थे।

गैंग की तरफ से इंटरनेट पर मीट रियल गर्ल्स दिल्ली के नाम से सर्च होने वाले लिंक पर डिटेल अपडेट किया गया था। महिला मित्र की तलाश में पोर्टल पर जब लोग अपना मोबाइल नंबर डालते थे तो वह उसपर बात करता था। दोस्ती करवाने के लिए लड़कियों की फोटो दी जाती थी। इसके बाद उससे मिलने के नाम पर रुपये की मांग की जाती थी। लड़की से मिलवाने के लिए 5-10 हजार रुपये लिए जाते थे। किसी सुनसान स्थान पर टारगेट को मिलने के लिए बुलाया जाता था। फिर मिलने के लिए गैंग में शामिल युवती को भेजा जाता था। पहुंचने के बाद युवती कार में बैठ जाती थी। इस बीच गैंग के दूसरे लोग कार में आ जाते थे। वीडियो बनाकर झूठे रेप केस और छेड़छाड़ में फंसाकर पुलिस से शिकायत करने की धमकी दी जाती थी। बदनामी के डर से लोग उनकी बात मानकर रुपये ट्रांसफर कर देते थे।

ये टूटा हुआ दिल,ये पैरों के छाले- तुम्हारी अमानत तुम्हारे हवाले.....

मीरापुर में गजल की एक शाम में शायरों ने समा बांधा

मीरापुर, 15 दिसम्बर (बु.)। कस्बे में साहित्यिक संस्था अंजुमन तरक्की उर्दू अदब द्वारा गजल की एक शाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शायरों ने समा बांधकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शायरों ने देर रात तक श्रोताओं को अपनी गजलों एवं गीतों से बांधे रखा।

कस्बे के सरायगेट में आयोजित गजल की शाम कार्यक्रम की अध्यक्षता उस्ताद शायर शाह नजर सानी ने तथा संचालन अब्दुल सत्तार नय्यर द्वारा किया गया। समाजसेवी मुशर्रफ इदरीसी ने शमा रोशन की।

कार्यक्रम में शायर शहजाद अहमद शहजाद ने पढ़ा...

"यह टूटा हुआ दिल यह पैरों के छाले।"
"तुम्हारी अमानत तुम्हारे हवाले।"

शायर इमरान साहिल ने अपनी पेशकश में कहा..

"राजे गम सुनते हैं सब जेरे असर कोई नहीं।"
"साथ सब चलते हैं लेकिन हम सफर कोई नहीं।।"

मशहूर शायर हकीम शमीम अब्बासी ने पढ़ा ...

"हरसू मचा हुआ है कोहराम बस्तियों में।"
"तहजीब हो न जाए नीलाम बस्तियों में।।"

मोबिन आलम मोबीन ने पढ़ा...

"वो बम बना के कितना हुनर मंद हो गया।"
"सोचा ना बम धमाकों में कितने हुनर गए।।"

मशहूर शायर डॉ ताहिर कमर ने अपने मन के उद्गार व्यक्त करते हुए पढ़ा..

"चलो अब फ़ासले दिल के करो कम।"
" मोहब्बत इस तरह कायम रहेगी।।"

संचालन कर रहे अब्दुल सत्तार नैयर का कहना था...

"मुझको जिल्लत की रोटी नहीं चाहिए।"
"मुझको इज्जत के बस दो निवाले बहुत।।"

अध्यक्षता कर रहे उस्ताद शायर शाहनजर सानी ने समाज की व्यथा को इस प्रकार व्यक्त किया...

"सियानी बेटी की चिंता में पिता घुले दिन रात।"
"कैसे होंगे पीले हाथ कैसे होंगे पीले हाथ।।"

देर रात तक चले गजल कार्यक्रम में शायरों को श्रोताओं ने जमकर सराहा। इस दौरान मुख्य रूप से कालू मलिक, मुशर्रफ इदरीसी, डॉ. आरिफ कुरैशी, खालिद कुरैशी, डॉ. फरमान, डॉ. रियाज मीर, मौ. रियाज, मौ. यूनुस शरफुद्दीन, मौ. मुकीम, जान मौहम्मद, तालिब कुरैशी, मौ. शादाब, अबु तल्हा आदि मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम संयोजक डॉ. ताहिर कमर ने समस्त शायरों एवं श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

बेटे का जन्मदिन मनाने को मांगे 5000 रुपये नहीं दिए तो महिला ने दो मासूम बच्चों संग

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

जस्टिस शेखर यादव और योगी

प्रयागराज हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर यादव की यूनिफॉर्म सिविल कोड के मुद्दे पर टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ महाभियोग नोटिस के मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी जताई है। महाभियोग के नोटिस को लेकर योगी की प्रतिक्रिया की सराहना की जा रही है। इस मामले में योगी ने कहा कि प्रयागराज उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने सच्ची बात कही। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता तो होनी चाहिए। दुनिया के अंदर तो बहुसंख्यक समाज की भावना का सम्मान हर हाल में होता है। दुनिया में होता है, तो अगर भारत में कोई बहुसंख्यक समाज के हितों की चर्चा कर ले और सच्चाई बोलता है, तो इसमें कौन सा अपराध हो गया। आपने देखा होगा कि माननीय न्यायमूर्ति के खिलाफ भी महाभियोग का नोटिस दिया गया है। योगी ने कहा कि ये अपने आपको लोकतांत्रिक कहते हैं। संविधान की पुस्तक साथ में लेकर चलते हैं, लेकिन शर्म नहीं है। जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल की अगुआई में सदन के सेक्रेटरी जनरल को महाभियोग का नोटिस सौंपा गया है। जस्टिस शेखर कुमार यादव हाल ही में विश्व हिन्दू परिषद के एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने यूनिफॉर्म सिविल कोड के मुद्दे पर कहा था, हिन्दुस्तान में रहने वाले बहुसंख्यकों के अनुसार ही देश चलेगा। जस्टिस शेखर यादव का कहना था कि एक से ज्यादा पत्नी रखने, तीन तलाक और हलाला के लिए कोई बहाना नहीं है और अब ये प्रथाएं नहीं चलेंगी। पत्रकारों से बातचीत में जस्टिस शेखर यादव ने कहा था कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर चलाया जा रहा है। सीएम योगी ने जगदीप धनखड़ के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव और जस्टिस शेखर के विरुद्ध महाभियोग पर कहा कि विपक्ष सच बोलने वाले व्यक्तियों को डराने की कोशिश कर रहा है, जिसमें न्यायाधीश भी शामिल हैं, जो सांस्कृतिक और सामाजिक संगठनों के माध्यम से सामाजिक वास्तविकताओं को उजागर करते हैं। भारत में समान नागरिक संहिता की आवश्यकता पर बल देते हुए योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज हाई कोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव के बयान का समर्थन किया। मुंबई में विश्व हिंदू आर्थिक मंच 2024 को संबोधित करते हुए सीएम आदित्यनाथ ने कहा कि एक हाईकोर्ट के जज ने सही बात कही, तो उनको महाभियोग का नोटिस दे दिया गया है। विपक्ष संविधान का गला घोंटकर देश को चलाना चाहता है। सीएम ने कहा कि सच को दबाने वाले ऐसे लोगों को समाज के सामने बेनकाब किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदायों के विभाजन से आगे बढ़ना चाहिए। अधिकांश देशों में सामाजिक व्यवस्थाएं बहुसंख्यक आबादी की भावनाओं के अनुरूप होती हैं। इसी तरह भारत में भी बहुसंख्यक इस तरह के भेदभाव को खत्म करने की वकालत कर रहे हैं, लेकिन कुछ समूह दबाव डालकर और सच की आवाज को दबाकर इस विचार का विरोध कर रहे हैं। इन समूहों पर संविधान को कमजोर करने और देश की व्यवस्था को बलपूर्वक नियंत्रित करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्र इन कार्यों को देख रहा है और इस तरह के व्यवहार को उजागर करने की आवश्यकता है। योगी ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष पर पाखंड का आरोप लगाया। योगी ने कहा कि विपक्ष ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ प्रस्ताव दायर किया, जो राज्यसभा के सभापति भी हैं। विपक्ष पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि वे संविधान को बनाए रखने का दावा करते हुए महाभियोग की धमकी देकर सच बोलने वालों को चुप कराने की कोशिश कर रहे हैं। सीएम योगी ने कांग्रेस के कुछ नेताओं पर भारत की पहचान को नकारने और देश की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, भाषाओं और समाज में महिलाओं की भूमिका को कमतर आंकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग लगातार भारत के गौरव और विरासत को कम करने का काम कर रहे हैं। रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों का उल्लेख करते हुए सीएम योगी ने कहा कि महर्षि वेद व्यास, आरएसएस या भाजपा से जुड़े नहीं थे। राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि उनके जैसे उच्च बौद्धिक व्यक्ति यह भी दावा कर सकते हैं कि वेद व्यास आरएसएस की बैठकों में शामिल होते थे। उन्होंने कहा कि जब तक ऐसे लोग सक्रिय रहेंगे, भारत की विरासत को बदनाम करने के ये प्रयास जारी रहेंगे। सीएम ने उच्च सदन का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करते हुए संवैधानिक गरिमा को बनाए रखने के लिए उपराष्ट्रपति धनखड़ की सराहना की। उन्होंने कहा कि योग्यता और क्षमता के माध्यम से धनखड़ की कुशलता ने विपक्ष को परेशान कर दिया है। वे यह स्वीकार नहीं कर सकते कि एक किसान के बेटे ने ऐसा पद कैसे हासिल किया, क्योंकि यह कभी एक विशेष परिवार का था। यह घोषणा करते हुए कि यह नये भारत का नया उत्तर प्रदेश है। पिछली सरकारों की दोषपूर्ण नीतियों की आलोचना करते हुए आदित्यनाथ ने 2007 की एक घटना को याद किया, जब पूर्व वित्त मंत्री पी.चिदंबरम उत्तर प्रदेश आए थे। उन्होंने कहा कि अपनी किताब ए व्यू फ्रॉम द आउटसाइडः व्हाई गुड इकॉनमिक्स वर्क्स फॉर एवरीवन के विमोचन के दौरान चिदंबरम ने कहा था कि भारत कभी भी एक समृद्ध राष्ट्र नहीं था और आज भी गरीबी का सामना कर रहा है। उन्होंने यहां तक सुझाव दिया कि भारत को दूध और शहद की भूमि या सोने की चिड़िया बताने वाली किताबों को जला देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे विचारों वाले नेताओं से क्या उम्मीद की जा सकती है, जो भगवान राम और भगवान कृष्ण को काल्पनिक बताकर भारत की विरासत का अपमान करते हैं। संभल में प्राचीन मंदिर मिलने पर मुख्यमन्त्री योगी ने कहा कि क्या संभल में इतना प्राचीन मंदिर रातों रात प्रशासन ने बना दिया। क्या वहां बजरंगबली की इतनी प्राचीन मूर्ति रातों-रात आ गई। वहां पर जो ज्योतिर्लिंग निकला है, क्या ये आस्था नहीं थी। उन दरिंदों को आज तक सजा क्यों नहीं मिली, जिन्होंने 46 वर्ष पहले संभल में नरसंहार किया था? इस पर चर्चा क्यों नहीं होती है? लेकिन जो भी उस सच को बोलेगा, उसको धमकी दी जाएगी। उनका मुंह बंद कराने का प्रयास होगा। इसीलिए ये लोग कुंभ के मेले को लेकर भी इसी तरह का कुत्सित प्रयास करेंगे।

चार तीर

सुनील उत्सव

"सूरत" "आलिम" "जाहिल" "बनावट"

छुपा लेता है सूरत को, बनावट की अदाओं से,
समझते हैं जिसे आलिम बड़ा जाहिल निकलता है।
जहालत इतनी पोशीदा भी होती है जमाने में,
करीबी दोस्तों तक को पता मुश्किल से चलता है।

इक्कीसवीं पुण्य स्मृति

विदा हुए वे दुनिया से, लेकिन वे हमसे दूर नहीं।
जब हम उन्हें याद करते हैं, उनका हाथ अपने कन्धे पर पाते हैं। वे हमें अपने साथ होने का अहसास दिला जाते हैं।

स्व. श्री अर्जुन दास धमीजा
दिनांक : 16.12.2003
आपकी पुण्यतिथि पर हम सब आपको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
हरीश धमीजा (पुत्र), गुलशन धमीजा (पुत्र)
भारत धमीजा (पुत्र), मुकेश धमीजा (पुत्र)
शुभम धमीजा, कुशांक धमीजा, रिदम धमीजा (पौत्र)
एवं समस्त धमीजा परिवार
-: प्रतिष्ठान :-
मै. अर्जुन इलैक्ट्रिक स्टोर
मै. भारत इलैक्ट्रोनिक्स
रूड़की रोड, मुजफ्फरनगर।
फोन नं.: 9897207207, 9897057519, 9760037172

लाइव कॉन्सर्ट में ग्रैमी अवॉर्ड विनर गायिका को किसी ने फेंककर मारा नेकलेस



एरिजोना, 15 दिसंबर (एजेंसी)। फिल्मी सितारों, गायकों को देखने के लिए फैंस की भीड़ उमड़ पड़ती है। कई बार उन्हें बेशुमार प्यार मिलता है तो कभी वे खराब अनुभव से भी दो-चार होते हैं। हाल ही में ऐसा ही अनुभव ग्रैमी पुरस्कार विजेता लोकप्रिय गायिका बिली एलिश के साथ हुआ। गायिका एरिजोना में लाइव प्रस्तुति दे रही थीं कि अचानक भीड़ में से किसी ने उन पर नेकलेस फेंककर मारा। बिली पर लाइव शो के दौरान नेकलेस फेंककर मारा गया। मगर, इस दौरान बिली ने धैर्य का परिचय दिया। उन्होंने गाना बंद नहीं किया, हमले और अभद्रता के बावजूद उन्होंने अपनी प्रस्तुति जारी रखी। बिली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि नेकलेस तेज वेग के साथ सीधे उनके चेहरे पर आकर लगा। लाइव शो में अपने साथ हुई अभ्रद्रता के बाद बिली कुछ परेशान नजर आईं, मगर इसकी भनक उन्होंने वहां मौजूद लोगों को नहीं लगने दी। हमले के बाद भी उन्होंने बिना रुके गाना जारी रखा। गायिका ने बदसलूकी के बाद भी जिस धैर्य का परिचय दिया, उस पर फैंस सोशल मीडिया पर उनकी सराहना कर रहे हैं।

क्रांति सेना 22 को करेगी जन आक्रोश रैली के बूते विरोध

मुजफ्फरनगर,15 दिसम्बर (बु.)। क्रांति सेना कार्यालय पर संपन्न बैठक में पदाधिकारियों द्वारा 22 दिसंबर को होने वाली विराट जनआक्रोश रैली में कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया। क्रांति सेना के महासचिव पंडित संजीव शंकर व मंडलाध्यक्ष शरद कपूर के संचालन में आयोजित बैठक में क्रांतिसेना नेताओं ने कहा कि हिंदू अपने देश में राजनैतिक दलों की उपेक्षा का शिकार है, देश में विस्फोटक रूप से बढ़ी मुस्लिम आबादी, हिन्दू बेरोजगार युवाओं की लगातार बढ़ रही फौज पर किसी का ध्यान नहीं। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर सरकार के साथ तमाम विपक्षी दल मौन धारण किये हुए हैं। यही कारण है आज हिन्दू बीजेपी को सत्ता में लाने के बावजूद बेबस हैं। क्रांति सेना नेताओं ने कहा कि इस बार 22 दिसंबर को केंद्र की आंखे खोलने को क्रांतिवीर सड़कों पर उतरेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से आलोक अग्रवाल, मुकेश त्यागी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी, देवेंद्र चौहान, आनंद प्रकाश गोयल, शक्ति सिंह, मोहन पंडित, मगत राम, संजीव वर्मा, अनुज चौधरी, नरेंद्र ठाकुर, राजन वर्मा, आदित्य, सुनील, ब्रजपाल, योगेंद्र सैनी, पिंकू कश्यप, असीस मिश्रा, सेंकी, उज्ज्वल, अमन, सुरेश, वेदप्रकाश, राजेश, राजेंद्र, सचिन, अंकुर जैन आदि मौजूद रहे।

शोक सभा में प्रमोद जैन को दी कुटेसरा में भावपूर्ण श्रद्धांजलि

- पूर्व सभासद विकल्प जैन के ताऊ जी की रस्म तेरहवीं में पहुंचे लोगों ने जताई शोक संवेदना

मुजफ्फरनगर,15 दिसम्बर (बु.)। युवा भाजपा नेता एवं पूर्व सभासद विकल्प जैन के ताऊजी समाजसेवी और शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देने वाले प्रमोद कुमार जैन की रविवार को शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें परिवार के लोगों के साथ समाज के लोगों ने भारी संख्या में पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत प्रमोद जैन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा नेता विकल्प जैन के ताऊ प्रमोद कुमार जैन पुत्र स्व. नन्हे मल जैन निवासी कुटेसरा अपने सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे और वर्तमान में जनता इंटर कॉलेज कुटेसरा प्रबंध समिति में उप प्रबंधक के पद पर अपनी सेवा प्रदान करते हुए कुटेसरा में शैक्षिक गुणवत्ता का वातावरण और शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के प्रयासों में जुटे हुए थे। विगत 11 दिसम्बर को उनका आकस्मित निधन हो गया। रविवार को जनता इंटर कॉलेज कुटेसरा में प्रमोद कुमार जैन की रस्म पगड़ी हुई। इस शोक सभा में जनपद मुजफ्फरनगर के साथ दूर दराज से भी लोग पहुंचे। लोगों ने प्रमोद कुमार जैन के जीवन दर्शन को सभी के सामने रखते हुए समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में किए उनके योगदान का उल्लेख करते हुए भावपूर्ण स्मरण के साथ अपनी शोक संवेदना प्रकट की। इस दौरान मुख्य रूप से दिवंगत प्रमोद जैन के पुत्र अचल कुमार जैन, सरिता, भतीजे पूर्व सभासद विकल्प जैन, सभासद सीमा जैन, भाई विनोद जैन, सुबोध जैन, अनिल जैन, अर्जुन जैन, विपुल जैन, नितिन जैन, पुरू जैन, मनु जैन समेत पालिका वार्ड सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, रवि कांत शर्मा, हनी पाल, रजत धीमान, अनिल ऐरन, अमित भारद्वाज, जितेन्द्र नामदेव, विपुल मोहन, अमर चौधरी, जितेन्द्र जैन दिल्ली, अमरेश जैन पुरबालियान, संघी जैन आईआरएस आदि सैकड़ों गणमान्य मौजूद रहे और सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को धैर्य प्रदान करने के लिए परमेश्वर से प्रार्थना की।

ईवीएम पर बोले सीएम उमर अब्दुल्ला, कहा- कांग्रेस रोना बंद करे और चुनाव नतीजों को स्वीकार करे

जम्मू, 15 दिसंबर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर कांग्रेस पार्टी की तीखी आपत्ति को खारिज कर दिया है। भाजपा के बचाव में उन्होंने दोहराते हुए कहा कि जब आप जीतते हैं तो आप चुनाव परिणामों को स्वीकार नहीं कर सकते हैं और जब आप हार जाते हैं तो ईवीएम को दोष देते हैं। अब्दुल्ला ने शुक्रवार को एक विशेष साक्षात्कार में कहा, 'जब आपके पास संसद के सौ से अधिक सदस्य एक ही ईवीएम का उपयोग करते हैं और आप इसे अपनी पार्टी की जीत के रूप में मनाते हैं तो आप कुछ महीनों बाद यह नहीं कह सकते कि... हमें ईवीएम पसंद नहीं है, क्योंकि अब चुनाव नतीजे उस तरह नहीं जा रहे हैं जैसा हम चाहते हैं।" जब अब्दुल्ला से कहा गया कि वह संदेहास्पद रूप से भाजपा प्रवक्ता की तरह लग रहे हैं तो उन्होंने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, "भगवान न करे!" फिर उन्होंने कहा, "नहीं, यह बस इतना ही है... जो सही है वह सही है।" उन्होंने कहा कि वह पक्षपातपूर्ण निष्ठा के बजाय सिद्धांतों के आधार पर बात करते हैं और उन्होंने सेंट्रल विस्टा जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अपने समर्थन को अपनी स्वतंत्र सोच का उदाहरण बताया। उमर अब्दुल्ला ने कहा, "हर किसी के विश्वास के विपरीत, मुझे लगता है कि दिल्ली में इस सेंट्रल विस्टा परियोजना के साथ जो हो रहा है वह बहुत अच्छी बात है। मेरा मानना है कि एक नए संसद भवन का निर्माण एक उत्कृष्ट विचार था। हमें एक नए संसद भवन की आवश्यकता थी। पुराना भवन पुराना हो चुका था।' उन्होंने कहा कि अगर पार्टियों को मतदान तंत्र पर भरोसा नहीं है तो उन्हें चुनाव नहीं लड़ना चाहिए।

ओवर स्पीड कार रोकने में दरोगा हुआ घायल

मेरठ, 15 दिसम्बर (नेट)। मेरठ में रविवार को ओवर स्पीड कार को रोकने के लिए पुलिस ने बार-बार प्रयास किया, लेकिन, कार चालक नहीं रुका। बाद में पुलिस वालों ने कार के सामने बाइक लगाकर उसे रोका। कार रुकने के बाद भी ड्राइवर बैक गियर में गाड़ी ले जाने लगा, तब दरोगा ने खुद ईंट से कार की खिड़की का कांच तोड़कर दरवाजा खोला। कार के अंदर शराब की बोतलें मिली हैं। इस गाड़ी ने दो कारों को टक्कर भी मारी थी। कार का शीशा तोड़ने में दरोगा खुद भी चोटिल हो गए। उनकी उंगली में चोट आई। पुलिस ने आरोपी कार चालक को पकड़ लिया है। दरोगा की उंगली में पट्टी बांधी गई है।

कृषि मंत्रालय द्वारा आयोजित प्री-बजट मीटिंग में अपने सुझाव रखेंगे

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। कल भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक कल केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में कृषि भवन नई दिल्ली में आयोजित स्टेकहोल्डर की प्री-बजट मीटिंग में शामिल होगे। यह बैठक कल 3 बजे नेताजी सुभाषचंद्र बोस हॉल में की जा रही है।इसके लिए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक को आमंत्रित किया गया है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवारको बजट से पहले होने वाली यह बैठक किसानो के लिए महत्वपूर्ण है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा धर्मेंद्र मलिक को किसान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों के कल्याण में सुधार के उद्देश्य से नीतिगत बदलावों, बजटीय सहायता और सुधारों पर अपने सुझाव देने के लिए अधिकृत किया गया है। सरकार से सस्ता दीर्घकालिक ऋण उपलब्ध कराने, कृषि उपकरणों, बीज और पेस्टीसाइड आदि पर जीएसटी कम करने और पीएम-किसान आय सहायता को दोगुना करने का आग्रह भी कृषि मंत्री से करेंगें।

नहर टूटने से किसानों की फसलें हुई जलमग्न

चरथावल, 15 दिसम्बर (बु.)। नगर के चरथावल थाना क्षेत्र के गांव नगला राई के कुल्हेड़ी मार्ग पर नहर टूटने से किसानों की फसल जलमग्न हो गई। जैसे ही भारतीय किसान यूनियन के नेता समद राईन को जानकारी लगी, तो तुरंत ही घटना स्थल पर पहुंच गए और उनके द्वारा अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई। आपको बता दे कि जल भराव से किसानों की फसलें खराब हो गई हैं, जिसको लेकर किसानों ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। जैसे ही पूरे मामले की जानकारी एसडीएम सदर निकिता शर्मा को लगी, तो उनके द्वारा तुरंत ही नायब तहसीलदार को घटनास्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए और उन्हें तुरंत ही पानी बंद करवाने के भी निर्देश दिए गए। अधिकारियों के द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर पानी बंद करवाने के लिए कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन जलमग्न होने से किसानों की लाखों रुपए की फसल नष्ट हो गई है।

डायबिटीज के प्रभावी इलाज की खोज; भारत में पहला मधुमेह बायोबैंक भी स्थापित

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसी)। डायबिटीज एक गंभीर और क्रोनिक बीमारी है जिसका खतरा किसी भी उम्र में हो सकता है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को डायबिटीज का शिकार पाया जा रहा है। एक अनुमान के मुताबिक दुनियाभर में 830 मिलियन (83 करोड़) से अधिक लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं, हालांकि जिस तरह से लोगों की दिनचर्या और आहार से संबंधित दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं, ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही आपको भी इस रोग का शिकार बना सकती है। डायबिटीज की स्थिति शरीर में कई प्रकार की जटिलताओं को भी बढ़ाने वाली होती है। इसकी रोकथाम और इलाज के लिए विशेषज्ञ लगातार अध्ययन कर रहे हैं। इसी क्रम में किए गए एक हालिया अध्ययन में वैज्ञानिकों ने प्रभावी कंपाउंड की खोज की है जो शुगर लेवल और डायबिटीज रोगियों में बढ़ने वाली फैट की समस्या को काफी हद तक कम करने में मददगार हो सकती है। जापान स्थित कुमामोटो यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित किए गए इस कंपाउंड को कई मामलों में विशेष प्रभावी माना जा रहा है। मेडिकल रिपोर्ट्स के मुताबिक वैज्ञानिकों की टीम ने एचपीएच-15 नाम के एक कंपाउंड को विकसित किया है। दावा किया जा रहा है कि ये मेटफॉर्मिन दवा की तुलना में रक्त शर्करा और वसा संचय को अधिक प्रभावी ढंग से कम करने में सहायक हो सकती है। मेटफॉर्मिन, डायबिटीज रोगियों को शुगर को कंट्रोल करने के लिए दी जाने वाली दवा है। इसके साथ ही इसमें एंटीफाइब्रोटिक गुण भी बताए जा रहे हैं, जो कोशिकाओं को स्वस्थ रखने, घाव भरने, ऊतकों की मरम्मत और कैंसर के खतरे को कम करने में कारगर हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि ये नवाचार मधुमेह के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। टाइप 2 डायबिटीज दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है। इसके कारण अक्सर फैटी लिवर और इंसुलिन प्रतिरोध जैसी जटिलताएं हो जाती हैं जो वर्तमान उपचार विधियों के लिए चुनौतियां पेश करती हैं। विजिटिंग एसोसिएट प्रोफेसर हिरोशी तातेशी और प्रोफेसर ईईची अराकी के नेतृत्व में शोधकताओं की टीम ने मेटफॉर्मिन जैसी मौजूदा दवाओं के लिए एक आशाजनक विकल्प के रूप में पहचान की है।

जर्नल डायबेटोलोजिया में प्रकाशित अध्ययन से पता चलता है कि एचपीएच-15 एएमपी-एक्टिव प्रोटीन किनेज (एएमपीके) को सक्रिय करके मेटफॉर्मिन से बेहतर प्रदर्शन करती है। ये प्रोटीन ऊर्जा संतुलन को रेगुलट करने वाला एक महत्वपूर्ण प्रोटीन है। शोध में पाया गया है कि एचपीएच-15 ने न केवल लिवर, मांसपेशियों और वसा कोशिकाओं में ग्लूकोज के अवशोषण में सुधार किया, बल्कि हाई फैट वाले आहार खाने वाले चूहों में वसा के संचय को भी काफी कम कर दिया। मेटफॉर्मिन के विपरीत, एचपीएच-15 ने अतिरिक्त एंटीफाइब्रोटिक गुण भी प्रदर्शित किए, जो संभावित रूप से लिवर फाइब्रोसिस और मधुमेह रोगियों में अक्सर देखी जाने वाली अन्य जटिलताओं को भी कम करने में सहायक है।

आवश्यकता है
एक पद - ऑफिस बॉय / लेडीज
कार्य का विवरण:
• 4 कमरों के ऑफिस व अन्य थोड़ी सी जगह की साफ-सफाई।
• ऑफिस हेतु चाय आदि बनाना।
वेतन : योग्यतानुसार प्रतिमाह 8000/- से 10000/-
ड्यूटी समय- प्रातः 08:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक
सम्पर्क करें -7520071384
मिलने का समय : प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
स्थान : वहलना चौक, मुजफ्फरनगर

विशिष्ट सेवा सम्मान ओर राजवंश श्री सम्मान से सम्मानित हुए

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बुस.)। गाजियाबाद में अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा द्वारा 70वें अधिवेशन में राजवंश सभा मुजफ्फरनगर के महामंत्री शलभ गुप्ता एड., अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गर्ग, भवन प्रबंधक पंकज राजवंशी को वैश्य समाज में उत्कृष्ट कार्यो करने हेतु विशिष्ट सेवा सम्मान ओर राजवंश श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। अतुल गर्ग राजवंश रत्न, केंद्रीय अध्यक्ष विनीत सिंघल, इंजीनियर रजत गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया।

भाई ने चुनरी से गला घोंटकर मार डाला

बागपत, 15 दिसंबर (एजेंसी)। निवाड़ा गांव में नाबालिग बहन के प्रेम प्रसंग से नाराज भाई ने ऑनर किलिंग की घटना को अंजाम दिया। उसने अपनी बहन की चुनरी से गला दबाकर हत्या कर दी। दो दिन पहले निवाड़ा गांव में एक किशोरी का शव कमरे में पड़ा मिला था। उसे लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के शरीर पर चोटों के निशान मिलने पर पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए कई बिंदुओं पर जांच की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मुंह और गला दबाकर मौत होना सामने आया। मृतका के पिता ने अपने बेटे निखिल के खिलाफ बेटी की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने हत्यारोपी निखिल को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने बताया कि उसकी बहन का एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसका पता चलने पर उसने कई बार अपनी बहन को समझाया, लेकिन वह नहीं मानी। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने गला दबाकर हत्या कर दी।

पूर्व राज्यपाल की बेटी के मकान पर अवैध कागजों से कब्जे की कोशिश

लखनऊ, 15 दिसंबर (एजेंसी)। गोरखपुर के रुस्तमपुर निवासी निर्मला देवी हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पूर्व राज्यपाल स्व. महावीर प्रसाद की बेटी हैं। उनका एक मकान गोमतीनगर के विपुलखंड में है। निर्मला के मुताबिक जनवरी 2022 में दिल्ली निवासी अमित और अनुराधा पाल ने उनका विपुलखंड स्थित मकान किराये पर लिया था। किरायेदारी का अनुबंध पूर्व राज्यपाल की बेटी के वकील ने कराया था। दंपती मकान में सवाय वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड नाम से फर्म चलाता है। निर्मला का आरोप है कि दंपती ने कभी भी समय पर किराया नहीं दिया। अनुबंध में लिखी शर्तों का उल्लंघन करते हुए उनकी अनुमति के बिना मकान कब्जाने की नीयत से नया बिजली कनेक्शन ले लिया। मकान के जाली कागजात भी बनवा लिए। आरोपी दंपती के रिश्तेदार लखविंदर, गजेंद्र सिंह और स्नेह पाल ने उनके मकान के पते पर आधार कार्ड बनवा लिए। मामले की जानकारी होने पर जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपी दंपती ने गाली-गलौज कर उन्हें भगा दिया। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी के मुताबिक मामले की तफ्तीश चल रही है।

चिन्मय मिशन के ज्ञान एवं भक्ति यज्ञ का आयोजन 17 से

मुजफ्फरनगर,15 दिसम्बर (बु.)। चिन्मय मिशन शाखा की ओर से मंगलवार 17 दिसम्बर से ज्ञान एवं भक्ति यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल बिठूर वालों के मुखारविन्द से धार्मिक प्रवचनों की ज्ञानमयी गंगा बहेगी। दक्षिणी सिविल लाईन, बुलेटिन वाली गली में स्थित राम कुटीर के पिछले द्वार से श्रद्धालुओं को प्रवेश का प्रबंध किया गया है। चिन्मय मिशन मुजफ्फरनगर शाखा की ओर से आयोजित ज्ञान एवं भक्ति यज्ञ में जहां मंगलवार 17 दिसम्बर को सायं 6.30 बजे दीप प्रज्ज्वलन द्वारा शुभारंभ एवं श्रीमद्भागवद् गीता के अध्याय- 12 भक्ति योग पर प्रथम प्रवचन रात्रि 8 बजे तक संपन्न होगा। वहीं बुधवार 18 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक होने वाले धार्मिक आयोजन में प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक प्रातः बेला में माता कुन्ती स्तुति से श्रीमद्भागवत प्रथम स्कंध और सायं 6.30 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्रीमद्भगवद् गीता अध्याय- 12 भक्ति योग पर प्रतिदिन अमृतमयी प्रवचनों की ज्ञान गंगा में सभी श्रद्धालुओं को डुबकी लगाने का मौका मिलेगा।

जस्टिस शेखर यादव को अपने विवादास्पद बयान पर सफाई पेश करने का मिलेगा मौका

नई दिल्ली, 15 दिसंबर (एजेंसी)। विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के एक समारोह में विवादास्पद बयान देने वाले जस्टिस शेखर कुमार यादव अपने रुख स्पष्ट करने के लिए जल्द सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के सामने पेश होंगे। शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर को बयानों पर ध्यान और और इस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट से रिपोर्ट मांगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, "सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश शेखर कुमार यादव द्वारा दिए गए भाषण की न्यूजपेपर के रिपोर्टों पर ध्यान दिया है। हाईकोर्ट से ब्योरा मंगवाया गया है।" बता दें कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम जिस न्यायाधीश के खिलाफ किसी विवादास्पद मुद्दे पर हाई कोर्ट से रिपोर्ट मांगती है तो उन्हें मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के समक्ष अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट के सूत्रों ने बताया कि जस्टिस शेखर कुमार यादव को अपना पक्ष रखने का मौका मिल सकता है। आठ दिसंबर को आयोजित वीएचपी के एक समारोह में जस्टिस यादव ने कहा था कि समान नागरिक संहिता का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, लैंगिक समानता और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना है। इसके एक दिन बाद ही उनका बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिस पर कई लोगों ने प्रतिक्रिया दी। इसमें विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रिया भी शामिल थी। उन्होंने जस्टिस यादव के बयान पर सवाल उठाते हुए भाषण को घृणा करार दिया। वकील और कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स के संयोजक प्रशांत भूषण ने मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना को एक चिट्ठी लिखी। उन्होंने सीजेआई से इला

आउटसोर्स सफाईकर्मियों की हुई जीआईसी में शिनाख्त परेड

▶ ईओ ने अफसरों संग की 55 वार्डों में तैनात कर्मियों की गिनती ▶ 369 आउटसोर्स कर्मचारियों में से तीन मिले नदारद

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। पालिका के आउट सोर्स सफाईकर्मियों के रूप में मैन पॉवर उपलब्ध कराने वाली दिल्ली की कंपनी के कार्य का सच जानने को रविवार सुबह पालिका ईओ ने जीआईसी मैदान पर पालिका को सफाई कार्य के लिए 55 वार्डों और नाला गैंग के रूप में आपूर्ति किए जा रहे 369 आउटसोर्सिंग कर्मियों की शिनाख्त परेड कराई। इस बीच गैरहाजिर मिले तीन कर्मियों को हटाने के निर्देश मौके पर दिए गए। नगरपालिका परिषद् में सफाई कार्य के लिए अनुबंध के तहत दिल्ली की अलर्ट सिक्योरिटीज कंपनी द्वारा 369 सफाई कर्मियों को आउटसोर्स पर उपलब्ध किया गया हैं। इन सफाई कर्मचारियों को जरुरत के अनुसार सभी वार्डों में बांटा है ताकि सफाई व्यवस्था को और सुचारू बनाया जा सके, लेकिन यह शिकायत मिलती रही है कि आउटसोर्स सफाई कर्मी संख्या बल के सापेक्ष उपलब्ध नहीं है। ऐसे में एक ही कर्मचारी कई वार्डों में दिखाकर भुगतान मांगा जाता है। इसका सत्यापन कराने के लिए रविवार को ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने जीआईसी मैदान पर सभी 55 वार्डों व नाला गैंग में लगे आउटसोर्स सफाई कर्मियों की शिनाख्त परेड सफाई नायकों के साथ कराई। इस बीच प्रत्येक वार्ड में लगे आउटसोर्स सफाई कर्मियों को उनके सफाई नायक के साथ सूची के अनुसार हाजिरी ली और उन्हें आई कार्ड, आधार कार्ड तथा बैंक पास बुक जैसे दस्तावेजों के आधार पर परखा गया। सभी कर्मियों को एपरिन, वर्दी, आई कार्ड के साथ बुलाया गया था। इस दौरान एनएसए डॉ. अतुल कुमार, चीफ योगेश गोलियान, सफाई निरीक्षक प्लाक्षा मैनवाल, आईटी ऑफिसर प्रियेश कुमार आदि मौजूद रहे।

इन्होंने कहा- ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के दिशा निर्देशन में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की खातिर नगर पालिका क्षेत्र में नियमित सफाई कर्मियों के साथ संविदा व आउट सोर्स सफाईकर्मियों को भी लगाया गया है। वर्तमान में पालिका द्वारा अलर्ट सिक्योरिटीज प्रा. लि. नई दिल्ली से अनुबंध के तहत 369 आउटसोर्स सफाई कर्मियों की सेवा जारी है। लगातार मिल रही शिकायत कि कंपनी संख्या बल के अनुपात में कर्मियों को उपलब्ध नहीं करा रही है, जबकि वेतन पूरा मांगा जाता है। कंपनी का 2 माह का वेतन अभी बकाया है, क्योंकि पूरे दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये थे, कंपनी द्वारा वेतन डिमांड के बाद तयशुदा संख्या बल के आधार पर कर्मियों की शिनाख्त परेड कराई, जिसमें 3 कर्मी नदारद मिले हैं, इनमें वार्ड 33 से पुरोहित उटवाल पुत्र प्रमोद उटवाल, वार्ड 29 से सर्वेश पुत्र जोगीराम व वार्ड 23 से श्रीकांत पुत्र राज कुमार शामिल हैं। इन्हें तत्काल हटाने के निर्देश कंपनी को दिए हैं। साथ ही वार्डों में तैनात आउटसोर्स सफाई कर्मियों की सफाई नायक के साथ फोटो ली है। यह फोटो बैनर के रूप में वार्ड में लगाने के साथ स्वास्थ्य विभाग रिकार्ड में लगाई जायेगी और आउटसोर्स कर्मी का वार्ड से तबादला नहीं किया जायेगा।

परेड को लेकर किया सफाईकर्मी नेताओं ने हंगामा, पहुंची पुलिस

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। जीआईसी मैदान में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के आदेश पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों के साथ सवेरे आउट सोर्स सफाई कर्मियों की शिनाख्त परेड कराने की व्यवस्था में जुटे अफसरों को विरोध का सामना करना पड़ा। हालांकि ईओ की सख्ती के बीच विवाद बढ़ने से पूर्व जीआईसी मैदान में पुलिस के आने के बाद मामला निपटा। रविवार को इन्हीं तैयारियों के बीच जीआईसी मैदान में पालिका के सफाई कर्मचारी नेता राजेश उटवाल, राजू वैद व राजकुमार आदि पहुंचे तथा हंगामा शुरू कर दिया। बताया गया कि इन लोगों ने सफाई नायकों व कर्मचारियों को इस तरह यहां बुलाकर उनकी परेड कराने पर आक्रोश जताया और वहीं पर धरना देने की तैयारी शुरू कर दी। इसे लेकर एनएसए डॉ. अतुल कुमार ने ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह को सूचना दी तो वो भी तत्काल जीआईसी मैदान पर पहुंच गई और उन्होंने मैदान में इस बीच हंगामा करते लोगों को समझाया। इसके बाद व्यवस्था बनाने की खातिर सफाई कर्मचारी नेताओं के न मानने पर पुलिस फोर्स को बुला लिया गया, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ।

सूची में पूर्व विधायक के बेटे का नाम, बिना काम ले रहा वेतन

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। पालिका को आउट सोर्स सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने वाली अलर्ट सिक्योरिटीज प्रा. लि. की वार्ड सूची में वैसे तो जांच में सब कुछ ठीक ही मिला, लेकिन वार्ड 33 की सूची में एक ऐसा नाम सामने आया, जिस पर ईओ चौंक गई। वार्ड 33 की उपलब्ध सूची में पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल के भाई राजेश उटवाल सफाई नायक हैं, जिसमें आउटसोर्स सफाई कर्मचारी के रूप में पुरोहित उटवाल पुत्र प्रमोद उटवाल का नाम भी शामिल रहा। कंपनी प्रबंधक ने बताया कि उक्त पुरोहित कभी भी कार्य पर नहीं आया, लेकिन वेतन डिमांड आती है। इसे लेकर ईओ ने अविलंब पुरोहित को हटाने और वेतन नहीं देने के निर्देश एनएसए डॉ. अतुल कुमार को दिये हैं। जीआईसी में उक्त मुद्दा चर्चाओं में रहा।

विशेष न्यूज

दरोगा की पिस्टल छीनकर फायरिंग करते सुनील पाल के अपहर्ता को पैर में गोली मारकर पकड़ा

मेरठ, 15 दिसंबर (एजेंसी)। कॉमेडियन सुनील पाल और मुश्ताक मोहम्मद खान के अपहरण मामले में गिरफ्तार अर्जुन कर्णवाल दरोगा की पिस्टल छीनकर पुलिस हिरासत से भाग निकला। पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। अर्जुन को पुलिस ने शनिवार रात पकड़ा था। उसके पास से किडनैपिंग में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो कार, दो लाख रुपये और फिरौती में इस्तेमाल किया गया मोबाइल मिला था। रविवार को पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने से पहले मेडिकल के लिए ले जा रही थी। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि इसी दौरान उसने एक दरोगा की पिस्टल छीन ली और फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई जो अर्जुन के पैर में लगी। अर्जुन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

क्रिसमस और नए वर्ष पर देर तक खुली रहेंगी शराब की दुकानें

लखनऊ, 15 दिसंबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में आबकारी विभाग ने निर्णय लिया क्रिसमस और नए वर्ष पर शराब की दुकानें एक घंटे देर तक खुलेंगी। इसके लिए जिलों में पत्र भेजकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। यानी 24-25 और 31 दिसंबर को शराब-बीयर और देशी शराब की दुकानें सुबह 10 बजे से 11 बजे रात तक खुली रहेंगी। आम दिनों में ये दुकानें सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक खुलती हैं। आबकारी आयुक्त सैंथिल पांडियन सी ने जिलों को लेटर भेज दिया है। अब जिलाधिकारी के माध्यम से इस बाबत सूचना संबंधित को भेजी जाएगी। इसके साथ ही इसकी सूचना सभी दुकानदारों को आबकारी इंस्पेक्टर के माध्यम से भेजी जाएगी।

फडणवीस सरकार का पहला कैबिनेट विस्तार पूरा, कुल 39 मंत्रियों ने ली शपथ

मुंबई, 15 दिसंबर (एजेंसी)। महाराष्ट्र में महायुति की सरकार का नागपुर में मंत्रिमंडल विस्तार किया जा रहा है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन नए मंत्रियों को शपथ दिला रहे हैं। बता दें कि इससे पहले 1991 में भी नागपुर में मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया था। जानकारी के मुताबिक, शपथ ग्रहण के बाद देर शाम मंत्रियों के विभागों का भी बंटवारा हो जाएगा। सबसे पहले भाजपा से विधायक और राज्य भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने मंत्री पद की शपथ ली है। उनके बाद शिरडी विधानसभा से भाजपा विधायक राधाकृष्ण विखे पाटिल ने मंत्री पद की शपथ ली है। शपथ लेने के क्रम में कोथरुड विधानसभा से भाजपा विधायक चंद्रकांत पाटिल ने चौथे नंबर पर मंत्री पद की शपथ ग्रहण की है। पांचवें नंबर पर भाजपा के विधायक गिरीश महाजन ने मंत्री पद की शपथ ली है।

कैबिनेट विस्तार से पहले नरेंद्र भोंडेकर ने उपनेता पद से दिया इस्तीफा

मुंबई, 15 दिसंबर (एजेंसी)। महाराष्ट्र में महायुति सरकार के कैबिनेट विस्तार के दौरान एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना में नाराजगी देखने को मिली। पार्टी के उपनेता पद और विभागीय समन्वयक पद से विधायक नरेंद्र भोंडेकर ने इस्तीफा दे दिया है। जानकारी के मुताबिक, नरेंद्र भोंडेकर मंत्री पद न मिलने से नाराज थे। नरेंद्र भोंडेकर ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूजा गणेश (बालू) थावकर को 38 हजार 367 वोटों से हराकर जीत हासिल की थी। विधानसभा चुनाव में नरेंद्र भोंडेकर को कुल एक लाख 27 हजार 884 वोट मिले थे।

अलीगढ़ की मीट फैक्ट्री में अमोनिया गैस का रिसाव, 10 मजदूर बेहोश

अलीगढ़, 15 दिसंबर (एजेंसी)। अलीगढ़ के लोधा इलाके में फेयर मीट फैक्ट्री में रविवार को अमोनिया गैस रिसाव हो गया। अभी तक जो सूचना मिली है, उसके मुताबिक 10 मजदूर बेहोश हुए हैं। इन सभी को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बसपा नेता व शहर के प्रमुख मीट निर्यातक हाजी जहीर की मीट फैक्ट्री अलदुआ फूड प्रोसेसिंग यूनिट में 29 सितंबर 2022 में अमोनिया गैस रिसाव कांड हुआ था। जिसमें 59 महिला कर्मी बेहोश हो गई थीं। डीएम स्तर से मुख्य अग्निशमन अधिकारी व जेडी उद्योग से कराई गई प्रारंभिक जांच में फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही उजागर हुई। जिसमें पाया कि जिस जगह से गैस का रिसाव हुआ है, उस जगह पाइप में वेल्डिंग हुई थी, जबकि उसे बदला जाना चाहिए था। मामले में हाजी जहीर और अन्य छह आरोपियों को जमानत मिल गई थी।

कोचिंग सेंटर में एसी के गैस रिसाव से 12 से अधिक छात्रों की हालत बिगड़ी

जयपुर, 15 दिसंबर (एजेंसी)। जयपुर के गोपालपुर स्थित एक कोचिंग सेंटर में रविवार शाम दुर्गंध से भरी गैस रिसाव के बाद 12 से अधिक छात्र-छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई। इस दौरान पांच छात्राओं और दो छात्रों को पास के अस्पताल और दो अन्य छात्रों को मेट्रो मास अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी छात्रों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। रविवार शाम करीब 6:45 बजे कोचिंग सेंटर में पढ़ाई के दौरान अचानक एक अजीब बदबू फैल गई। बदबू इतनी तेज थी कि छात्रों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। कुछ छात्रों को चक्कर आने लगे। कोचिंग क्लास में खिड़कियां बंद होने की वजह से स्थिति और गंभीर हो गई। कोचिंग प्रबंधन ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर प्रभावित छात्रों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों का कहना है कि समय पर इलाज मिलने से किसी को गंभीर नुकसान नहीं हुआ। महेश नगर थानाधिकारी कविता शर्मा ने बताया कि कोचिंग सेंटर की इमारत में गैस पाइपलाइन या शॉर्ट सर्किट जैसी कोई घटना नहीं हुई है।

नोएडा अथॉरिटी के निलंबित अफसर पर करोड़ों की संपत्ति मिली

लखनऊ, 15 दिसंबर (एजेंसी)। नोएडा विकास प्राधिकरण के तत्कालीन ओएसडी रवींद्र सिंह यादव के ठिकानों पर विजिलेंस की छापेमारी के दौरान टीम उनके नोएडा स्थित आवास और इटावा के स्कूल पहुंची। यहां काफी देर तक छानबीन की। रवींद्र यादव वर्तमान में निलंबित चल रहे हैं। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की गई। छापेमारी के बाद रवींद्र यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसकी जांचकी जा रही है। छापेमारी में भूखंड, स्कूल, कॉलेज आदि के दस्तावेज बरामद हुए हैं। ये संपत्तियां एटा, लखनऊ, नोएडा व अन्य जगहों की बताई जा रही हैं। छापेमारी में पता चला कि रवींद्र के पास नोएडा में तीन मंजिला मकान है। इसकी कीमत करीब 16 करोड़ रुपये है। इसके अलावा घर में

37 लाख रुपये के सुख-सुविधाओं का सामान व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगे हैं। छापेमारी में जो संपत्ति बरामद हुई है, उसमें 62 लाख 44 हजार के गहने हैं। साथ ही दो लाख 47 हजार रुपये की नकदी मिली है। टीम रवींद्र के घरवालों से पूछताछ कर रही है। उसके विदेश यात्रा से लेकर अन्य जानकारी जुटा रही है। घर से बरामद इनोवा व क्विड कार की भी जानकारी जुटा रही है। इसके अतिरिक्त विभिन्न बैंकों के छह खातों, पॉलिसियों और निवेश से संबंधी अभिलेख मिले हैं। अलग-अलग स्थानों पर करीब एक दर्जन भूमि खरीदने के भी कागज मिले हैं। मकान से अरिसटोटल वर्ल्ड स्कूल, मलाजनी, तहसील जसवंत नगर (इटावा) के पंजीकरण संबंधी कागजात भी मिले हैं। जांच के दौरान करीब 15 करोड़ संपत्ति के स्कूल का खुलासा हुआ। जो इटावा के जसवंत नगर स्थित अरिसटोटल वर्ल्ड स्कूल है। स्कूल सोसाइटी का अध्यक्ष रवींद्र का पुत्र निखिल यादव है। स्कूल में महंगे उपकरण एवं फर्नीचर लगाए गए हैं। इनकी कीमत दो करोड़ आंकी गई है। स्कूल में 1.04 करोड़ की 10 बसें संचालित हैं। अभी जांच जारी है।

भाजपा नेता के बेटे का शव मिला... पूरे शहर में तलाशते रहे परिजन, घर के बाहर ही पड़ा था

मेरठ, 15 दिसंबर (एजेंसी)। गंगानगर थाना क्षेत्र के गंगा धाम कालोनी-बी के बाहर नाले में 45 वर्षीय अमन तोमर का शव पड़ा मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अमन तोमर भाजपा नेता का बेटा था। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रक्षापुरम निवासी यशपाल सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं। वह प्रॉपर्टी का काम भी करते हैं। उनका बड़ा बेटा अमन तोमर (45) का ठेकेदारी का काम था। वह परिवार के साथ गंगानधाम- बी में बाहर की ओर बने फ्लैट में परिवार के साथ रहता था। परिजनों के अनुसार वह शनिवार रात परिवार सहित शादी में गए थे। रात में पिता को रक्षापुरम स्थित घर छोड़ा। उसके बाद पत्नी और बच्चों को लेकर घर आए। फ्लैट के बाहर गाड़ी खड़ी की। पत्नी और बच्चे ऊपर फ्लैट में चले गए। उसके बाद से अमन घर नहीं आया। रविवार दोपहर 3.30 बजे तक परिजनों ने तलाश की। घर के बराबर में ही खाली प्लॉट के बाहर नाले में अमन शव पड़ा था। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन व पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देख रही है। पुलिस का कहना है कि अभी परिजनों की तरफ से तहरीर नहीं आई है। तहरीर के अनुसार ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भाजू कट को लेकर चल रहे धरने के सौ दिन पूरे

चौधरी नरेश टिकैत बोलेः ले के रहेंगे भाजू में कट

मुजफ्फरनगर, 15 दिसंबर (बु.)। दिल्ली-देहरादून हाईवे पर भाजू गांव में कट की मांग को लेकर किसानों का चला आ रहा धरना रविवार को 100 वें दिन में प्रवेश कर गया। इस मौके पर धरनास्थल पर किसानों ने हवन कर मृतक किसान को श्रद्धांजलि दी। आयोजित पंचायत में भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कहा कि भाजू कट से शामली, मुजफ्फरनगर और आसपास के लोगों को फायदा होगा। सरकार किसानों की मांग को नहीं सुन रही है। परीक्षा की घड़ी है, धरने को जारी रखें। दिल्ली- देहरादून हाईवे पर भाजू कट की मांग को लेकर भाकियू और किसानों द्वारा धरना सात सितंबर से दिया जा रहा है। भाकियू सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत और राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की पांच बार भाजू में महापंचायत हो चुकी है। राकेश टिकैत की अगुवाई में तत्कालीन डीएम जसजीत कौर, एडीएम अरविंद कुमार, मौजूदा एडीएम संतोष कुमार सिंह, एसडीएम और प्राधिकरण के परियोजना निदेशक संजय कुमार मिश्रा के साथ तीन बार वार्ता हुई। भाकियू कार्यकर्ताओं की ओर से हाईवे पर निर्माण का काम रुकवा दिया गया है। किसानों का बेमियादी धरना चल रहा है। रविवार को बेमियादी धरने का 100 वां दिन पूरा होगा। कट को लेकर मंसूरपुर से से शुरू हुई पदयात्रा के बाद भाजू में हुई पंचायत में चौधरी नरेश टिकैत ने आरपार की लड़ाई लड़ने की चेतावनी दी थी।

पश्चिम उत्तर प्रदेश में बने अस्थायी राजधानीः भाकियू

अमरोहा, 15 दिसंबर (वार्ता) भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने योगी सरकार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अस्थायी राजधानी स्थापित करने की मांग की है। भाकियू संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों की रविवार को एक विशेष बैठक में तर्क दिया गया कि जब उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य में दो राजधानी हैं, तो घनी आबादी वाले राज्य यूपी में दो राजधानी क्यों नहीं हो सकती। मोर्चा ने सरकार से मांग की कि भारत रत्न चौधरी चरणसिह जयंती पर पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसी शहर को मुख्यमंत्री जनता दर्शन व अस्थाई राजधानी स्थापित करने की घोषणा की जाए। बैठक में यह भी मांग की गई कि चौधरी चरणसिह जयंती के अवसर पर गांवों को आत्मनिर्भर बनाने, ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि का गहन उपयोग करने, कुटीर उद्योगों की स्थापना, रोज़गारपरक शिक्षा, स्वास्थ्य, जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ आदर्श स्मार्ट विलेज बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार पहल करने की घोषणा की जाए। अमरोहा जिले के औद्योगिक क्षेत्र गजरौला ब्लाक के गांव दरियापुर स्थित 'किसान भवन' में 23 दिसंबर को चौधरी चरणसिह जयंती धूमधाम से मनाए जाने की तैयारियों के सिलसिले में रविवार को एक विशेष बैठक का आयोजन भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में किया गया।

पुलिस ने पटाखा छोड़ने वाली बुलेट का किया 22 हजार का चालान, सीज किया

मीरापुर, 15 दिसम्बर (बु.)। पिछले कुछ समय से मीरापुर क्षेत्र में कुछ युवकों द्वारा तेज रफ्तार से बुलेट चलाने तथा बुलेट के साइलेंसर से पटाखे छोड़ने शिकायत मिल रही थी। रविवार को पुलिस ने ऐसे दुपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चैकिंग अभियान चलाया। चैकिंग के दौरान पुलिस ने मीरापुर के मौहल्ला सरफपुरा निवासी मुन्ना पुत्र नसीर को पटाखा छोड़ने वाली बुलेट के साथ पकड़ लिया तथा बुलेट को सीज कर दिया। इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि बुलेट पर 22 हजार का चालान किया गया है। बता दें कि पुलिस उक्त बुलेट को पूर्व में भी एकबार सीज कर चुकी है।

आठ शेरों की जिंदगी लोको पायलट की सतर्कता से बची

भावनगर, 15 दिसंबर (एजेंसी)। एक मालगाड़ी और यात्री ट्रेन के लोगो पायलटों ने पिछले दो दिनों में गुजरात के भावनगर में समय पर ब्रेक लगाकर रेलवे पटरियों पर घूम रहे आठ शेरों की जान बचाई। एक अधिकारी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। पश्चिम रेलवे के भावनगर डिवीजन के लोको पायलटों की सतर्कता और वन विभाग के ट्रैकर्स की मदद से इस साल अबतक 104 शेरों को बचाया गया है। एक विज्ञप्ति के अनुसार, गुरुवार को हापा से पीपावाव बंदरगाह की तरफ जा रही एक मालगाड़ी के लोको पायलट ने राजुला शहर के पास पांच शेरों को रेलवे ट्रैक पार करते देखा।

कॉस्मेटिक सामान लाने के नाम पर बिहारी नौकर ने हड़प लिये चार लाख रुपये

मुजफ्फरनगर, 15 दिसम्बर (बु.)। खालापार के रहने वाले मौहम्मद अकरम ने बताया कि वह कॉस्मेटिक के सामान की सप्लाई करता है और उसी के पास मौजूद नौकर मुंगेर निवासी बिहार पिछले छह माह से कार्य कर रहा था और मुंगेर ने उसी के चार लाख रुपये से चाइना से ऑनलाइन कॉस्मेटिक का सामान मंगवाया और यह सामान ऑनलाइन ही किसी को बेच दिया।

पैसे मांगने पर आरोपी मुंगेर ने खाते में पैसे आने की बात कही और बहाना बनाया कि वह एक साथ चार लाख रुपये नहीं निकाल सकता, इसके लिए उसको बैंक से चैक बुक लेनी होगी। चैक बुक लाने का झांसा देकर मुंगेर दुकान मालिक अकरम को यह कहकर चला गया कि उसको चैक बुक बिहार से लानी होगी। बिहार जाते समय मुंगेर उसका बीस हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गया और यहां से जाने के बाद से ही उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया। दुकान मालिक अकरम के मुताबिक उसने मुंगेर की तलाश भी की मगर उसका कोई अता पता नहीं मिल पाया। खालापार थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया कि उक्त मामले में आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

उत्तर प्रदेश में एक तिहाई वक्फ संपत्तियां अवैध

लखनऊ, 15 दिसंबर (एजेंसी)। यूपी में करीब एक-तिहाई से ज्यादा वक्फ संपत्तियां अवैध हैं। राजस्व विभाग की शुरूआती पड़ताल में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। सार्वजनिक भूमि को वक्फ (दान) कर दिया गया, जो नियमानुसार हो ही नहीं सकता था। हाईकोर्ट के आदेश से पूरे प्रदेश में शासन यह जांच करवा रहा है। अभी तक करीब 50 जिलों की रिपोर्ट मिल चुकी है। प्रदेश में वर्तमान में



शुरूआती पड़ताल में चौंकाने वाले तथ्य; सार्वजनिक भूमि चढ़ा दी गई नाम

1.10 लाख वक्फ संपत्तियां हैं, जिनका शासन स्तर से नोटिफिकेशन जारी हुआ है। रेवेन्यु रिकॉर्ड मैनुअल के अनुसार, श्रेणी 1 (क) की जमीन ही वक्फ या बेची जा सकती है। श्रेणी 1 (क) में निजी भूमि दर्ज होती है। कोई भूमि निजी है या नहीं, इसका मिलान 1 जुलाई 1952 के राजस्व रिकॉर्ड से किया जाता है। मैनुअल की श्रेणी (5) और (6) में दर्ज जमीन को वक्फ नहीं किया जा सकता। इन श्रेणियों में बंजर, चरागाह, वन भूमि, तालाब, ऊसर भूमि और ग्राम सभा की सार्वजनिक उपयोग वाली जमीनें आती हैं। ये जमीनें आरक्षित श्रेणी की होती हैं, जिनका प्रबंधन के लिहाज से मालिकाना हक सरकार, ग्राम सभा या अन्य निकायों में निहित होता है। विभिन्न जिलों के प्रशासन की अभी तक की रिपोर्ट के अनुसार, करीब 30 हजार संपत्तियां मूलरूप से श्रेणी (5) और (6) में दर्ज हैं। यानी, ये संपत्तियां निजी थी ही नहीं, इसलिए इन्हें वक्फ नहीं किया जा सकता था। सूत्र बताते हैं कि जो कब्रिस्तान ग्राम सभा की भूमि पर हैं, उन्हें भी वक्फ संपत्ति के तौर पर दर्ज करवा लिया गया है। नियमतः ये ग्राम सभा कब्रिस्तान के रूप में दर्ज होने चाहिए। यहां तक कि तमाम स्थानों पर मरघट (श्मशान भूमि) भी वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज हैं, जिसका मुस्लिम धर्म में प्रावधान ही नहीं है। सभी 75 जिलों की रिपोर्ट आने पर गलत ढंग से रिकॉर्ड में चढ़ाई गई वक्फ संपत्तियों की संख्या 40 हजार से ऊपर जाने की संभावना है। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार, शासन स्तर पर इनका परीक्षण करवाकर राजस्व अभिलेखों को दुरुस्त कराया जाएगा।

उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से, हंगामे के आसार

लखनऊ, 15 दिसंबर (वार्ता) सोमवार से शुरु होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में हंगामे के प्रबल आसार हैं। संभल की घटना को लेकर मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के अलावा कांग्रेस द्वारा सरकार को घेरने की संभावना है वहीं भ्रष्टाचार,स्वास्थ्य सेवायें और किसानो के मुद्दे को लेकर विपक्ष की मंशा सरकार पर प्रहार करने की होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ सर्वदलीय बैठक की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की मौजूदगी में हुई बैठक में श्री योगी ने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। हम सभी जनप्रतिनिधि हैं, हमें जनता के मुद्दों, उनकी समस्याओं को लेकर सदन में सुचारू रूप से चर्चा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री व विधानसभा ने सदन के कुशल संचालन के लिए सभी दलों का सहयोग मांगा। योगी आदित्यनाथ ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि सदन सार्थक चर्चा का माध्यम होता है। इससे ही प्रदेश के विकास कार्यों को रफ्तार मिलती है। साथ ही समस्याओं का समाधान होता है। सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न हो, सभी को इसका ध्यान रखना चाहिये। सदन को ज्यादा से ज्यादा समय तक संचालित किया जाए, इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए सभी दलों के नेताओं को भी प्रयास करने चाहिए।

3 सप्ताह पूर्व हुए रेप के आरोपी को भेजा जेल

बुढ़ाना, 15 दिसम्बर (बु.)। 3 सप्ताह पूर्व एक नाबालिग किशोरी के साथ हुई रेप की घटना में शामिल नाबालिग आरोपी को रविवार के दिन बुढ़ाना पुलिस ने जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के निवासी एक व्यक्ति ने बीते माह बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया था कि उसके भाई की मृत्यु 5 वर्ष पूर्व हो गयी थी। भाई की मृत्यु के बाद परिवार की जिम्मेदारी वो ही निभा रहा है। बीते 25 नवम्बर को उसके रिलेशन में किसी की मौत हो जाने पर वो अपनी भाभी को लेकर रिश्तेदारी में गया था। घर पर उसकी नाबालिग भतीजी अकेली थी। गांव के ही एक नाबालिग किशोर ने उसकी भतीजी को अकेला पाकर उनके मकान में घुसकर उसकी भतीजी के साथ जबरदस्ती बलात्कार किया था। जब वह रिश्तेदारी से घर वापिस आया, तो उसकी 13 साल की भतीजी ने रोते हुए उसको घटना की जानकारी दी थी और कहा था कि उसने पुलिस में बताने पर उसकी हत्या की धमकी दी है। तब पुलिस में शिकायत होने पर संगीन धाराओं में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया था। आज बुढ़ाना पुलिस ने नाबालिग आरोपी को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से पकड़कर जेल भेज दिया।

टोडा बिजलीघर में विद्युतकर्मियों, पूर्व प्रधान में मारपीट

बुढ़ाना, 15 दिसम्बर (बु.)। ब्लॉक क्षेत्र के गांव टोडा का बिजलीघर रविवार को अखाड़ा बन गया, जिसमें विद्युत विभाग के एसएसओ व पूर्व प्रधान के बीच मारपीट हुई। दोनों तरफ से बिजली कर्मचारी व पूर्व प्रधान के समर्थक भी भिड़े। किसी ने घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, तो पुलिस हरकत में आई और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। बिजली की आपूर्ति को लेकर बिजली विभाग के एसएसओ व पूर्व प्रधान में कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। मामला थाने पहुंचा, तो रतनपुरी पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। इस संघर्ष में दोनों पक्ष के कई लोग चोटिल हैं। बिजलीघर के एसएसओ मोहन व पूर्व प्रधान जाहिद अहमद के बीच बिजली आपूर्ति को लेकर कहासुनी के बाद खूनी संघर्ष हो गया। बिजली घर में हुए विवाद में एसएसओ व पूर्व प्रधान के बीच हुई मारपीट में दोनों ही चोट लगने से घायल हो गए। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पूर्व प्रधान भनवाड़ा जाहिद व बिजली घर में तैनात एसएसओ मोहन कुमार के बीच कहासुनी के बाद मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमला कर रहे हैं। दोनों पक्ष के लोग घायल हैं। दोनों पक्षों ने थाने में एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। मारपीट का वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो बुढ़ाना सीओ गजेंद्र सिंह ने रतनपुरी पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए।

मां और बेटे को फावड़ा मारकर किया घायल

बुढ़ाना, 15 दिसम्बर (बु.)। मामूली सी बात पर पड़ोसी ने मां और बेटे को फावड़ा मारकर घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार राकेश कुमार पुत्र श्रीचंद निवासी मौहल्ला खाकरोबान ने बुढ़ाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वो बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित सब्जी मंडी में सब्जी का ठिया लगाता है। वह सब्जी मण्डी में सुबह ही अपने घर से चला जाता है। उसके घर पर निर्माण कार्य चल रहा है। रविवार की सुबह उसके यहां ट्रैक्टर वाला रोडी डस्ट लेकर आ रहा था। उसे पड़ोसी अनुज पुत्र जीत सिंह ने अपने मकान के सामने को जाने से रोका, तो उसकी पत्नी कमलेश ने कहा कि ये तो रास्ता है, आप ट्रैक्टर को क्यों रोक रहे हो। इतना कहते ही उसकी पत्नी कमलेश के मुंह पर अनुज ने फाव